# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 172 बैकुण्ठपुर, बुधवार 12 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


## निर्मोही पिता ने 10 घंटे पहले जन्मी बच्ची को झोले में बांधकर कुएं में फेंका, मौत

### सुबह पानी भरने गए लोगों की नजर झोले पर पड़ी, आरोपी पिता मृत नवजात को निकाल कर दफना दिया

**पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट और चिकित्सकों की उपस्थिति में शव गड्ढे से निकलवा कर पोस्टमार्टम कराया, आरोपी पिता गिरफ्तार**



छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** बच्चियों को जहां एक ओर देवी स्वरूपा मानकर पूजा की जाती है, इनकी चरण वंदना कर खुद को धन्य समझते हैं, वहीं ऐसे भी लोग हैं, जो अपनी ही मासूम बच्ची को मौत की नींद सुलाने में गुरेज नहीं करते। ऐसा ही एक दिल को झकझोर देने वाला मामला सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र से सामने आया है। सोमवार की रात निर्मोही पिता ने 10 घंटे पहले जन्मी बच्ची की मासूमियत की परवाह न करते हुए उसे प्लास्टिक के झोले में बांधकर कुएं में फेंक दिया, इसके बाद इत्मिनान से घर में आकर सो गया। इधर झोला सहित फेंकी गई बच्ची की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह जब लोग पानी भरने के लिए कुएं में पहुंचे और झोले में बंधे किसी चीज को देख आपस में ही चर्चा करने लगे। बात गांव में फैली और देखते ही देखते आसपास के महिला-पुरूष कुएं के आसपास जमा हो गई। इस दौरान बच्ची का पिता भी वहां पहुंचा और कुएं से झोले में बंधी नवजात बच्ची को निकालकर पास ही गड्ढा खोदकर दफन कर दिया। ग्रामीणों को संदेह हुआ। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और बच्ची के शव को बाहर निकलवाया। संदेही पिता को पुलिस साथ ले गई, पूछताछ में उसने अपनी ही जिंदा बच्ची को झोला में भरकर कुएं में फेंकना स्वीकार किया। घटना उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झिरमिटी धौरापारा की है। यशवंत पुरी की 35 वर्षीय पत्नी रंगीला ने सोमवार की दोपहर में पुत्री को जन्म दिया। रात करीब 10-11 बजे के लगभग यशवंत नवजात पुत्री को गोद में लिया और उसे प्लास्टिक के एक झोले में बांध दिया। 10 घंटे पहले जन्मी मासूम बच्ची रोती रह गई, लेकिन निर्मोही पिता का दिल नहीं पसीजा और निर्दयतापूर्वक घर के बगल में स्थित मिट्टी के खुले कुएं में झोला सहित फेंक दिया, जिससे बच्ची की मौत हो गई। मंगलवार की सुबह गांव के लोग कुएं में पानी भरने आए तो उनकी नजर झोले में पड़ी। इस दौरान तरह-तरह की बातें होने लगी। इसके बाद यशवंत ने झोले में बंधी बच्ची को कुएं से बाहर निकाला व गड्ढे में दफन कर सारे संदेहों का पटाक्षेप कर दिया। इसकी सूचना गांव वालों ने उदयपुर पुलिस थाने में दी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक समरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक शत्रुघन सिंह, डॉ. प्रीति पैकरा, डॉ. नेहा भगत, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार एजाज हाशमी और फॉरेंसिक एक्सपर्ट कुलदीप कुजूर मौके पर पहुंचे। उन्होंने नवजात का शव गड्ढे से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने ारोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

**पहले से हैं दो पुत्र एक पुत्री**

आरोपी यशवंत पुरी को घर में चौथी संतान के रूप में बच्ची का जन्म लेना रास नहीं आया। दो पुत्र एक पुत्री सहित भरा पूरा उसका परिवार है। सोमवार की दोपहर 12 बजे आरोपी की पत्नी रंगीला ने कन्या को जन्म दिया था।

## दरिमा एयरपोर्ट से चोरी गया स्ट्रीट लाइट पोल बरामद, खरीददार गिरफ्तार

### पूर्व में पुलिस ने पोल चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा था जेल

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** दरिमा एयरपोर्ट से स्ट्रीट लाइट पोल चोरी के मामले में पुलिस ने फरार खरीददार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एयरपोर्ट से चोरी पोल बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है।

दरिमा एयरपोर्ट के सुपरवाइजर देवेश कुमार लहरे ने दरिमा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि पांच मार्च 23 से 12 मार्च 23 के बीच अज्ञात व्यक्तियों ने दरिमा एयरपोर्ट में लगे स्ट्रीट लाइट के पांच खंभों की चोरी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनके कब्जे से एक नग पोल बरामद करने में पुलिस सफल हुई थी। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कुछ पोलों को बेचने की जानकारी दी थी, जिस पर पोल की बरामदगी के लिए पुलिस खरीददार को गिरफ्तार करने हाथ-पांव मार रही थी, लेकिन




वह फरार था। मामले को संज्ञान मे लेकर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग ने पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता को दरिमा एयरपोर्ट से पोल चोरी के मामले में शामिल फरार पोल खरीददार को गिरफ्तार करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा एवं विशेष पुलिस टीम फरार आरोपी के तलाश में लगी थी। पुलिस टीम के सतत प्रयास से पोल खरीददार मो.नसीम उर्फ जुम्मन निवासी अंबिकापुर को घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता मिली। पूछताछ में आरोपी ने दरिमा एयरपोर्ट से चोरी गए पोल को पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से खरीदना स्वीकार किया। पुलिस ने मामले में विधिवत आरोपी खरीददार की गिरफ्तार कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया हैं। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया पोल पुलिस बरामद कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा के साथ प्रधान आरक्षक अजय पांडेय, आरक्षक राजू सक्रिय रहे।

## अल्टीमेटम बेअसर...पंचायत सचिवों ने बाइक रैली निकाल किया विरोध प्रदर्शन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर/बलरामपुर।** जिले में पंचायत सचिव संघ का एक सूत्रीय मांग नियमितीकरण को लेकर 27वें दिन भी आंदोलन जारी है। मंगलवार को पंचायत सचिव संघ ने बाइक रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया, वहीं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। बाइक में सवार पंचायत सचिव हाथों में मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर चल रहे थे।

पंचायत सचिव संघ ने कहा कि एक सूत्रीय मांग को लेकर उनका



आंदोलन जारी है। इनका कहना है वर्तमान सरकार ने जो वादा किया, उसे पूरा नहीं की, इसे लेकर अब वे आर-पार की लड़ाई लड़ रहे हैं। इनका कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बीते दिनों काम पर लौटने को लेकर जारी किए गए अल्टीमेटम का सचिव संघ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और आंदोलन जारी है।

## चेक बाउंस के मामले में छह माह कारावास, चार लाख जुर्माना

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बलरामपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीपक कुमार शर्मा द्वारा चेक बाउंस होने के प्रकरण में 11 अप्रैल को फैसला सुनाते हुए हरिहर सिंह को चार लाख रुपये जुर्माना से दंडित किया और छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने चार लाख में से तीन लाख 75 हजार रुपये व परिवादी राधेश्याम गुप्ता को बतौर प्रतिकर दिलाने का भी आदेश प्रदान किया है, जो वस्तुत: अपील अवधि के पश्चात देय होगा।

## प्रभारी एसडीओ सब पर भारी, पंचायत मंत्रालय द्वारा पदस्थ अधिकारी तीन माह से भटक रहे

### मामला बलरामपुर जनपद के आरईएस विभाग का, सचिवों ने भी जताई नाराजगी


**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** जनपद कार्यालय बलरामपुर के आरईएस में पदस्थ प्रभारी एसडीओ प्रशासन के लिए भी गले का हड्डी बना हुआ है। इनके अवैध वसूली के कारनामे पूरे विभाग में चर्चित है। पंचायत सचिवों ने कई बार उक्त अधिकारी को हटाने ज्ञापन सौंपा है, मंगलवार को जिला पंचायत के सीईओ से प्रत्यक्ष रूप से मिलकर इन्हें हटाने की मांग की गई है, किंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उक्त अधिकारी प्रभारी एसडीओ के रूप में तीन वर्षों से पदस्थ हैं। वहीं शासन के पंचायत मंत्रालय की ओर से यहां जिस अधिकारी की नियुक्ति की गई है, उन्हें तीन माह से प्रभार की प्राप्ति के लिए भटकना पड़ रहा है।

तीन वर्ष पूर्व ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग में एसडीओ का पद पर रिक्त होने पर राजपुर में पदस्थ उपयंत्री राजेन्द्र दुबे को यहां के एसडीओ का प्रभार सौंपा गया, इसके बाद से वे यहां अंगद के पांव की तरह जमे हुए हैं। इनकी खुलेआम मनमानी से जनता ही नहीं, अधीनस्थ सचिव व अन्य अधिकारी जो जनपद पंचायत के निर्माण कार्यों से संबद्ध हैं, वे भी त्रस्त हैं। सब कुछ जानते हुए भी इन्हें हटाकर शासन द्वारा नियुक्त अधिकारी को एसडीओ की कुर्सी क्यों नहीं सौंपी जा रही है, इसे लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सचिवों का मानना है कि उक्त अधिकारी प्रशासन के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर भारी है। उक्त अधिकारी द्वारा अवैध वसूली से सबको खुश करने जैसी बातें भी सामने आने लगी हैं, जिससे इनके खिलाफ बोलने वाले मौन हैं। बता दें कि तीन माह पूर्व शासन के आदेशानुसार राजेश कुजूर की अनुविभागीय




अधिकारी के पद पर विधिवत पदस्थापना की गई है, जिन्हें प्रभार दिलाने की कवायद आज तक पूरी नहीं हो पाई है। शासन के आदेश की अवहेलना करते हुए उक्त अधिकारी की उपेक्षा की जा रही है। उन्हें दूसरे विभाग में प्रभारी अधिकारी के रूप में तैनात कर दिया गया है। यदि शीघ्र ही उक्त अधिकारी को उनके प्रभार से मुक्त नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में इसका विपरीत प्रभाव प्रशासनिक कार्यों पर पड़ सकता है। आक्रोशित सचिवों ने तो यहां तक कहा है कि वे उक्त अधिकारी की कार्यप्रणाली को लेकर असंतुष्ट हैं और बड़ा कदम उठाने के लिए विवश होंगे।

**सचिव संघ का आरोप-जनपद सीईओ का संरक्षण**



लगभग एक वर्ष पूर्व सचिव संघ ने ज्ञापन सौंपकर जनपद सीईओ से उक्त प्रभारी अधिकारी द्वारा की जाने वाली अवैध वसूली की लिखित शिकायत की थी। सीईओ ने बिना पावती दिए आवेदन यह कहते हुए ले लिया कि वे उसे समझा देंगे। कुछ दिनों तक तो मामला ठीक-ठाक रहा लेकिन पुन: पुराने ढर्रे पर काम शुरू हो गया। मंगलवार को सचिवों ने पत्रकारों को बुलाकर अपनी व्यथा बताई और कहा कि प्रभारी अधिकारी राजेन्द्र दुबे द्वारा सत्यापन, तकनीकी स्वीकृति में खुलेआम रुपये की मांग की जाती है, अन्यथा उनके सामने ही फाइल फेंक दिया जाता है।

**मुझे नहीं है जानकारी-जिला पंचायत सीईओ**



इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ रेना जमील से जब पत्रकारों ने जानकारी चाही तो उन्होंने कहा मुझे न तो किसी के पदस्थापना की और न ही सचिवों द्वारा दिए गए ज्ञापन की जानकारी है, जबकि राजेश कुजूर के पदस्थापना संबंधी आदेश में पंचायत मंत्रालय ने कॉपी में स्पष्ट रूप से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रतिलिपि भेजी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सुर्खियों में रहे अधिकारी को उक्त पद पर यथावत बनाए रखने कूटनीति की जा रही है।

**जनपद सीईओ का दो टूक-'नो कमेंट्स'**



जनपद सीईओ केके जायसवाल से जब पत्रकारों ने जानकारी मांगने का प्रयास किया, तो उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा 'नो कमेंट्स'। इसके साथ ही दबे स्वर में उन्होंने कहा कि यदि मैं कुछ कह दिया तो उल्टे मुझे ही परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मेरा कुछ कहना मुझ पर ही भारी पड़ेगा।

## वार्डों में स्वच्छता चर्चा के साथ हुई प्रश्नोत्तरी व रंगोली प्रतियोगिता

### महापौर और निगम आयुक्त ने कहा-स्वच्छ हो शहर, इसे दें प्राथमिकता

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3, 4, 5 के निवासियों के साथ स्वच्छता संबंधी चर्चा हेतु वार्ड सभा का आयोजन अटल आवास गांधीनगर के उद्यान में किया गया। इस सभा में स्वच्छता प्रश्नोत्तरी, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वार्ड सभा में सर्वप्रथम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा नगर स्वच्छता के महत्व एवं नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही अपील की गई कि स्वच्छ शहर हो, इसे प्राथमिकता से लें। सभी के सहयोग से हमेशा अंबिकापुर स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, इस भावना को हमेशा बनाए रखना और स्वच्छता दीदियों का सहयोग करना, वार्ड में सफाई बनाए रखना है। वार्ड पार्षद मंजूषा भगत द्वारा वार्ड वासियों से यूजर चार्ज नियमित भुगतान करने की अपील की गई। एमआईसी के सदस्य द्वितेंद्र मिश्रा द्वारा अंबिकापुर के



स्वच्छता में सहयोग की अपील की गई। प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर झोला का प्रयोग करने आग्रह किया गया। वार्ड सभा में वार्ड में उत्कृष्ट सहयोग करने वाले पांच नागरिकों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले पांच बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही जो पूर्व में सहयोग नहीं करते थे, उन्हें समझाइश देने के साथ स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वार्ड सभा में स्वच्छता दीदी सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

**शाम होने के बाद यहां नहीं आते थे लोग-महापौर**

महापौर डॉ.अजय तिर्की ने इस मौके पर बताया कि कभी इस वार्ड में लोग शाम के बाद नहीं आते थे। आज यह वार्ड स्वच्छ, साफ होने के साथ ही सुंदर उद्यान, सार्वजनिक शौचालय से युक्त है। वार्ड के नागरिक हमेशा स्वच्छता में सहयोग करते हैं।

**तृतीय लिंग की तमन्ना व मीरा स्वच्छता दूत नियुक्त**

वार्ड में स्वच्छता दूत के रूप में दो तृतीय लिंग समुदाय की तमन्ना और मीरा को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर वार्ड के एक दीवार को नागरिक सहभागिता दीवार के रूप में लेकर सभी ने हस्त चिन्ह लगाया और स्वच्छता की शपथ ली।

## भाजपा व भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष की गिरफ्तारी का विरोध, मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का पुतला फूंका

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा बेमेतरा के साजा विधानसभा क्षेत्र के बीरमपुर गांव में हुई भुनेश्वर साहू की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव व भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत की गांव से तीन किलोमीटर पहले की गई गिरफ्तारी का विरोध करते हुए शहर के घड़ी चौक में जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का पुतला दहन किया। इस मौके पर भाजपा व भाजयुमो के पदाधिकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भूपेश बघेल के पुलिस प्रशासन ने पीड़ित परिवार से इन्हें मिलने नहीं दिया।

**भाजपा के जिला अध्यक्ष ने कहा-छत्तीसगढ़ को पश्चिम बंगाल और केरल बनाना चाहती है भूपेश सरकार**



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ को पश्चिम बंगाल और केरल बनाना चाहती है। जिस प्रकार से प्रदेश में हत्या की घटना एक विशेष समुदाय के द्वारा षड्यंत्र पूर्वक की गई है और पूरे प्रदेश में सांप्रदायिक उन्माद का माहौल है, उस पर प्रदेश के कद्दावर मंत्री अमरजीत भगत का यह कहना कि छोटी-मोटी घटना की जानकारी मुझे नहीं है, बहुत ही गैर जिम्मेदाराना बयान है, इसकी भारतीय जनता पार्टी निंदा करती है। जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने कहा मंत्री अमरजीत भगत के गैर जिम्मेदाराना बयान की भारतीय जनता पार्टी निंदा करती है। भूपेश सरकार दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं पार्षद विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रदेश की स्थिति कांग्रेस सरकार बनने के बाद हर वर्ष बिगड़ती जा रही है। यदि कांग्रेस की सरकार इस पर लगाम नहीं लगाती है तो आने वाले समय में छत्तीसगढ़ अगला पश्चिम बंगाल होगा। पार्षद आलोक दुबे ने कहा कांग्रेस की सरकार इस्लामिक आतंकवाद को संरक्षण दे रही है, जिसमें कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार के साथ-साथ उनके राष्ट्रीय नेतृत्व व गांधी परिवार की सहमति है। कार्यक्रम का संचालन जिले के महामंत्री संजीव वर्मा ने किया। इस अवसर पर एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नकुल सोनकर, विकास वर्मा, अमोघ कश्यप, मनीष दुबे, अभिषेक सिंह, सुनील बघेल, अनीश सिंह, चंदन शुक्ला, रामप्रवेश पांडेय, अनिरुद्ध मिश्रा, मारकंडेय तिवारी, नितिन गुप्ता, अनुराग शुक्ला, भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष निशांत सिंह, पूरन टेकाम, निशांत सिंह गोल्डी, मनीष बारी, दीपक यादव, सौरभ मिश्रा, श्रीधर केसरी, अजय सिंह, अमित पांडेय, मनीष सिंह, राहुल जयसवाल, शैलेश यादव, अभिजीत पांडेय, प्रिंस चौबे, अभिनंदन सिंह, वेदांत तिवारी, महेश कुमार मरावी, आशीष अग्रवाल, रोहित कुशवाहा, अकील मरावी, दिव्यांशु केसरी, विदेश्वर पैकरा, किशन दास, अर्पित अग्रहरी, अभिमन्यु श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## वृक्षमाला नदी तट संरक्षण अभियान से होगा जल संरक्षण

छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में वृक्षमाला नदी तट अभियान चलाया जा रहा है। नदी तट संरक्षण अभियान कार्यक्रम के अधिकारी निलेश जायसवाल ने बताया कि अभियान में ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उन्हें नदी के आसपास के क्षेत्र में हरियाली में वृद्धि को लेकर जागरूक किया जा रहा है। हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर जनपद पंचायत अंबिकापुर की ग्राम पंचायत सपना में रेड़ नदी के किनारे जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में




लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान से महात्मा गांधी नरेगा में वृक्षमाला नदी तट संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण एवं वातावरण के बढ़ते तापमान को कम करना तथा नदी क्षेत्र के आसपास की हरियाली को बढ़ाना व नदियों के बारहमासी प्रवाह के लिए किया जा रहा है, जिससे साल भर नदियों में पानी बहता रहे और पर्यावरण संतुलन व जल संरक्षण के क्षेत्र में वृद्धि हो।

# एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने 20 प्रभावितों को दिया रोजगार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर इफ्फत आरा ने पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू तथा एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक अमित कुमार सक्सेना की उपस्थिति में एसईसीएल प्रभावितों को नियुक्त पत्र प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सभी हितग्राहियों को सुरक्षा और सावधानी पूर्वक कार्य करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। क्षेत्रीय महाप्रबंधक अमित सक्सेना ने प्रशिक्षु में नियुक्त हो रहे सभी को बधाई देते हुए कहा कि राज्य शासन एवं बिश्रामपुर क्षेत्र एसईसीएल मिनी रत्न के सहयोग से आप सबका भविष्य संवरने वाला है। आने वाले समय का सही उपयोग कर आगे बढ़ें और सफल हों।

ज्ञात हो कि आमगांव ओपनकास्ट परियोजना बिश्रामपुर क्षेत्र हेतु ग्राम पटना की भूमि अधिग्रहित किए जाने पर परियोजना प्रभावित व्यक्ति की नियुक्ति हेतु आदेश जारी किया गया है। एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र द्वारा कोयला उत्खनन के उद्देश्य से ग्राम पटना की भूमि अधिग्रहित किए जाने पर अधिग्रहित भूमि के एवज में कोल इंडिया पुर्नवास नीति 2012 के प्रावधानों



(भूमिस्वामी की अधिग्रहित भूमि की मात्रा के घटते क्रम में तैयार वरीयता सूची) के तहत नियम व शर्तों पर प्रशिक्षु (पीएपी) के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्ति प्रदान कर कुसमुंडा क्षेत्र में पदस्थ किया जा रहा है। क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री सक्सेना ने कहा कि प्रारंभ में आप छह माह की अवधि तक राकोवेसम -10 के अनुसार सिर्फ केटेगरी-1 की बेसिक एवं डीए वेतन पर प्रशिक्षु में रहेंगे। प्रशिक्षु अवधि समाप्ति के बाद सभी को जनरल मजदूर केटेगरी-1 के पद पर नियमित किया जाएगा। आज यहां पर हेमचन्द सिंह पिता देवनारायण सिंह, अहिबरन, चैन कुमार पिता नेतुराम, कृष्णा प्रसाद सिंह पिता हरिहर सिंह, लालमणि सिंह पिता सहदेव सिंह, सहदेव सिंह पिता हरिहर, ललन सिंह पिता भगत, कुलेश्वर सिंह पिता भगवत राम, बीरकेश्वर सिंह पिता जयमंगल सिंह, सुनील कुमार सिंह पिता ललन सिंह, हुकुम सिंह पिता मनराज राम सिंह, लालेन सिंह पिता अमर सिंह, नंदराज सिंह पिता देवनारायण सिंह, रामप्रसाद पिता कवल साय, रूपेश्वर सिंह पिता शोभित राम, महासिंह मरकाम पिता बेसाहू राम मरकाम, श्रीमती मानती मराबी पुत्री जयमंगल सिंह, दियेश्वर सिंह पिता बनारसी सिंह, मुरारी प्रसाद साहू पिता उमाशंकर साहू, बसंत लाल पिता अमलेश्वर सहित 20 लोगों का नियुक्ति पत्र दिया गया है।

# खड़े ट्रक से टकराए बाइक सवार, दो युवक घायल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पार्वतीपुर हनुमान मंदिर के समीप आज शाम बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक से टकरा गए हैं। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पार्वतीपुर में स्थित हनुमान मंदिर के समीप मंगलवार की शाम कनकपुर सिलफिली जा रहे नशे में धुत्त बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। सूचना पर हाइवे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में बाइक सवार 45 वर्षीय भोला व 15 वर्षीय अक्षय को चोटें आई हैं।



# घर में खड़ी बाइक में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** घर में खड़ी बाइक में अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दिया। जिससे बाइक जलकर खाक हो गई है। पुलिस ने बताया कि माईनस कालोनी निवासी राजेन्द्र सेना पिता मुरली सेना सोमवार की शाम अपने बुलेट बाइक क्रमांक सीजी 29 एएफ 8220 में मामा के यहां चोपड़ा कालोनी में गया था। युवक रात्रि में वहीं बाइक को अंदर घर में सो गया था।

इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने रात में ही बाइक में आग लगा दिया है। आगजनी की घटना में युवक की बाइक जलकर खाक हो गई है। पुलिस द्वारा मामले में प्रार्थी की शिकायत दर्ज कराए जाने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ जुर्मदर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है।

# स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में विद्यार्थियों का प्रवेश प्रारंभ

## 12 अप्रैल से 05 मई तक विद्यार्थी कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए विद्यार्थियों की ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

कक्षा 1 से 12 वीं तक के विद्यार्थी इस लिंक berojgaribhatta.cg.nic.in के माध्यम से 12 अप्रैल से 05 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेगें।

विदित हो कि संस्था में 10 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए पहले प्राथमिकता दी जायेगी। चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी होने के पश्चात् विद्यार्थियों द्वारा स्थानांतरण प्रमाण पत्र की मूल कॉपी के साथ अन्य दस्तावेज जमा किये जायेगें।

इस संस्था में कक्षा 1 से 12 वीं तक प्रत्येक कक्षा में 50-50 सीटें तय की गई है, जिसकी संख्या विद्यालय समिति द्वारा आवश्यकतानुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है। वर्तमान में कक्षा 01 के 50 सीट, कक्षा 2 में 24 सीट, कक्षा 3 में 38 सीट, कक्षा 04 के 38 सीट, कक्षा 05 के 38 सीट, कक्षा 06 वीं के 30 सीट, कक्षा 07 वीं के 07 सीट, कक्षा 8 वीं के 02 सीट, कक्षा 9 वीं के 04 सीट, कक्षा 11 वीं के जीव विज्ञान, कला, गणित, वाणिज्य एवं कृषि संकाय के 50-50 सीट, तथा कक्षा 12 वीं जीव विज्ञान संकाय के 26 सीट, गणित संकाय के 37 सीट एवं वाणिज्य संकाय के 31 सीट व कृषि संकाय के 17 सीटों के लिए आवेदन मंगाए गये हैं। बाकी सभी कक्षाओं की सीटें रिक्त नहीं हैं।

# सब स्टेशन में लगे टॉवर से बैट्री चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा। छ.ग. फ्रंटलाइन।** पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री उदय किरण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री श्री रोबिनसन गुड़िया द्वारा सभी थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 08/04/2023 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि नंदलाल गोंड, निर्मल गोंड, संजय सिंह गोंड साकिनान ग्राम रेंकी द्वारा चोरी की बैट्री बिक्री करने हरदीबाजार में ग्राहक की तालाश कर रहे हैं। प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु संदेही नंदलाल गोंड, निर्मल गोंड, संजय सिंह गोंड को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो एसईसीएल दीपका माईन्स के सुआभोड़ी में बने सब स्टेशन में लगे टॉवर से बैट्री चोरी करना स्वीकार किये, आरोपियों के निशादेही पर कुल 24 नग बेट्री जुमला कीमती 2,88,000 रूपये को बरामद किया गया। आरोपियों के पास उक्त 24 नग बैट्री का कोई कागजात नही होने से आरोपियों से उपरोक्त बैट्री को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। जिससे आरोपियों का कृत्य धारा सदर 41-1. जा.फौ./ 379, 34 भादवि. का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध पृथक से 'इस्तगासा क्रमांक 02/2023 धारा 41-1.4, जा.फौ् 379, 34 भादवि कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा थाना प्रभारी हरदीबाजार, सउनि विजय सिंह, प्रआर प्रआरण् ओमप्रकाष बैस, आरक्षक संजय चन्द्रा, आरक्षक प्रवीण राजवाड़े, आरक्षक कमल कैवर्त, आरक्षक गौकरण श्याम, आरक्षक गौतम पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कुनकुरी विस भाजयुमो का शुभम बने सह प्रभारी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नव मतदाता अभिनंदन, आगामी आंदोलन व कार्यक्रमों के लिए विधानसभा प्रभारियों व सह प्रभारियों की नियुक्ति कीक गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव एवं संगठन महामंत्री पवन साय, मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विजय शर्मा की अनुशंसा पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने कुनकुरी विधानसभा हेतु सह प्रभारी भाजयुमो के प्रदेश आमंत्रित सदस्य सिलफिली निवासी शुभम अग्रवाल को बनाया है। शुभम ने नियुक्ति पर संगठन के प्रति आभार प्रकट करते हुए संगठन के विश्वास पर खरा उतरने की बात कही है।



# वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा से गढ़ रहे हैं बच्चों का भविष्य : डॉ. प्रेमसाय सिंह

**रायपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग तथा सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने 7 अप्रैल को अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम करमतरा में 68 लाख 64 हजार रूपए की लागत से नवनिर्मित नवीन हाई स्कूल भवन तथा मोहला विकासखंड के ग्राम आलकन्हार में 1 करोड़ 11 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित नवीन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम करमतरा में हायर सेकेण्डरी स्कूल उन्नयन और कन्या छात्रावास की घोषणा की।

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने नये स्कूल भवन बनने पर सभी को बधाई देते कहा कि किसी क्षेत्र में स्कूल खोलना सौभाग्य की बात होती है, लेकिन स्कूल भवन बनना परम सौभाग्य की बात होती है। आप सभी वनांचल क्षेत्रों में यहां के बच्चों का भविष्य गढ़ रहे हैं वह सराहनीय कार्य है। यहां के बच्चे ने प्रयास, एकलव्य, नवोदय, नीट जैसी परीक्षाओं में सफ्लता पाई है। उन्होंने कहा कि यहां विद्यालय खुलने से आसपास के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। कोरोना काल में सबसे ज्यादा नुकसान पढ़ाई में हुआ है। शिक्षकों के प्रयास से ऑनलाइन पढ़ाई और पढ़ई तुँहर दुआर कार्यक्रम से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार होता रहा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल, आश्रम, छात्रावास भवन की मरम्मत के लिए प्राक्कलन मांगा गया है। इसे बच्चों को स्कूल में सुविधा उपलब्ध होगी।

स्कूल शिक्षा डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि राज्य ने स्कूल एवं शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम किया है। प्रदेश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किया गया। वर्तमान में लगभग 279 में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित है। जिससे हर वर्ग के बच्चों को समान शिक्षा मिल रही है। प्रत्येक विकासखण्ड में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला गया है। वहां अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम से पढ़ाई हो रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 101 नए आत्मानंद खुलेंगे। शिक्षा आज के समय में सबसे बड़ा हथियार है। जो समाज शिक्षित होगा वही आगे बढ़ेगा। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को स्कूल जरूर भेजने का आग्रह किया। इस मौके पर मंत्री डॉ. टेकाम ने नवोदय, प्रयास, एकलव्य एवं नीट की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मान पत्र वितरित किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्राचार्य, प्रधानपाठक एवं शिक्षकों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संसदीय सचिव श्री इंद्रशाह मंडावी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग श्रीमती तेज कुंवर नेताम, सदस्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड श्री संजय जैन, जिला पंचायत सदस्य श्री बिरेन्द्र मसिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती कुमारी जुरेशिया, जिला प्रशासन के अधिकारी, सरपंच श्री सुमन लाल गांवरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, स्कूली बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सामरी विधानसभा प्रभारी बने लवकेश पैकरा



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**दतिमा मोड़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ पुरे नब्बे विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव व पवन साय संगठन महामंत्री भाजपा, विजय शर्मा प्रदेश प्रभारी युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ की सहमति से व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के सहमति से आगामी नवमतदाता अभिनंदन व आगामी धरना-प्रदर्शन रैली की दृष्टि से संगठन के मजबूती के लिए युवा नेता लवकेश पैकरा को सामरी विधानसभा प्रभारी बनाया गया है अभी वर्तमान मे लवकेश पैकरा जिला पंचायत सदस्य भी है उन्होंने कहा कि संगठन ने मुझे सामरी विधानसभा का प्रभारी बनाया है मै जरूर पुरी निष्ठा के साथ संगठन के काम को करूगा लवकेश पैकरा के प्रभारी बनने पर पुरे भाजपा परिवार मे खुशी का लहर है सभी कार्यक्रताओ ने लवकेश पैकरा को बधाई दिया।

# अग्रवाल महासभा की संभागीय कार्यकारिणी घोषित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** अग्रवाल महासभा की संभागीय कार्यकारिणी का गठन करते हुए अध्यक्ष श्रीनिवास केडिया ने महासभा के संरक्षक, मार्गदर्शक, प्रमुख सलाहकार, सलाहकार सहित संभागीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। महासभा के संभागीय महामंत्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि संभागीय निर्वाचन अधिकारी अजय अग्रवाल के द्वारा संभाग की चुनाव प्रक्रिया के उपरांत एक से अधिक नामों पर आपसी सहमति बनाते हुए सामंजस्य के साथ संभागीय कार्यकारिणी को संगठनात्मक दृष्टि से बिना प्रत्यक्ष के चुनाव के सर्वानुमति के साथ पदाधिकारियों की घोषणा की है। वहीं संभागीय अध्यक्ष श्रीनिवास केडिया इस सत्र की कार्यकारिणी में संरक्षक मण्डल में चरण सिंह अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, कश्मीरीलाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विशंभरदयाल अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, ब्रम्हप्रकाश अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल, पवन अग्रवाल, प्रमुख सलाहकार सुभाष गोयल बिश्रामपुर के साथ मार्गदर्शक मण्डल में राजेश अग्रवाल लखनपुर, अवधेश अग्रवाल सूरजपुर, रामलाल अग्रवाल पत्थलगांव, धनसीराम अग्रवाल राजपुर,कृष्ण कुमार अग्रवाल अम्बिकापुर, रमन अग्रवाल रामानुजगंज, रामनिवास जिंदल पत्थलगांव के नामों की घोषणा की है। वहीं संभागीय सलाहकार समिति में अमृतलाल अग्रवाल सूरजपुर, अरविंद सिंघानिया अम्बिकापुर, रामचन्दर अग्रवाल अम्बिकापुर, सुभाष गोयल अम्बिकापुर, मुरारीलाल अग्रवाल कुनकुरी, अनिल अग्रवाल पत्थलगांव, हेमंत अग्रवाल लुड़ैग, सुरेश सिंघल प्रतापपुर, रमेश अग्रवाल लखनपुर, राजेश महलवाला सूरजपुर, रामबाबू अग्रवाल चिरमिरी व पुनमचंद अग्रवाल मनेन्द्रगढ़ को मनोनित किया गया है। संभागीय कार्यकारिणी में श्रीनिवास केडिया अध्यक्ष, सुनील अग्रवाल महामंत्री, राधेश्याम अग्रवाल कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष व विकास अग्रवाल उपाध्यक्ष मुख्यालय बनाये गये हैं। विभिन्न जिलों के उपाध्यक्षों में अशोक अग्रवाल सूरजपुर जिला, सुभाष अग्रवाल कोरिया जिला, जगदीश प्रसाद अग्रवाल जशपुर जिला, सुरेश अग्रवाल बलरामपुर जिला, अरविंद अग्रवाल सरगुजा जिले के साथ मुकेश अग्रवाल अम्बिकापुर संभागीय सह सचिव होंगे। जिले के संयुक्त सचिवों में सजन अग्रवाल सरगुजा जिला, गोपालकृष्ण अग्रवाल सूरजपुर जिला, मुकेश अग्रवाल कोरिया जिला, सुभाष अग्रवाल जशपुर जिला, राजेश अग्रवाल बलरामपुर जिला निर्वाचित हुए हैं। संभाग की कार्यकारिणी में घनश्याम बासिया अम्बिकापुर, घीसूराम अग्रवाल अम्बिकापुर, विनोद अग्रवाल काकू अम्बिकापुर,लक्ष्मी नारायण अग्रवाल राजपुर, जय भगवान अग्रवाल बिश्रामपुर, मोहनलाल गोयल बिश्रामपुर, कमलेश गर्ग उदयपुर, आनंद मित्तल प्रतापपुर, सुदीप पोद्दार मनेन्द्रगढ़ सहित कन्हैयालाल अग्रवाल अम्बिकापुर को कार्यकारिणी में मनोनित किया गया है। वहीं संभागीय भवन के निर्माण समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल अम्बिकापुर, महामंत्री विनोद अग्रवाल राजपुर व कोषाध्यक्ष जगदीश भुरिया अम्बिकापुर होंगे। संभाग की युवा टीम की कमान राजीव अग्रवाल अम्बिकापुर के हाथों होगी। उनके महामंत्री के रूप में मुकेश गर्ग सूरजपुर व कोषाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल अम्बिकापुर को युवा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



**महासभा करेगी वैवाहिक परिचय पत्रिका का प्रकाशन**

संभागीय अग्रवाल महासभा समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा के साथ वैवाहिक परिचय पत्रिका का प्रकाशन करने जा रही है। जिसमें सरगुजा संभाग के जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया व मनेन्द्रगढ़ जिले के सामाजिक युवक-युवतियों का बायोडाटा सम्मिलित होगा, जिससे आज के परिवेश में वैवाहिक संबंधों के लिए परेशान हो रहे परिजनों को सामाजिक रूप से मदद व सहुलियत मिलेगी। परिचय होंगे तो संबंध भी बनेंगे। इस उद्देश्य को लेकर महासभा एक वृह्द परिचय पुस्तिका को मूर्तरूप देने की तैयारी में है।

# भूमंण्डलीय युग में आदिवासी समाज दुनिया को मुट्ठी में रखना है तो उसके लिए शिक्षा अनिवार्य - डॉ लक्ष्मी ध्रुव

**नगरी। छ.ग. फ्रंटलाइन।** तहसील नगरी के उपक्षेत्र चिंवरीं में गोड़वाना समाज के आमा जोगानी चैतराई पर्व कार्यक्रम में सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव उपस्थित हुई।

विधायक ने कहा कि भूमंडलीय युग में आदिवासी समाज दुनिया को मुट्ठी में रखना है तो उसके लिए शिक्षा अनिवार्य है। आदिवासी समाज मेहनती है अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार स्वाभिमान जैसे महत्वपूर्ण मूल्य आदिवासी खून में है। लेकिन दुनिया को अपने मुट्ठी में करना है तो शिक्षा अनिवार्य है। समय अनुकुल शिक्षा के अनुसार कठोर मेहनत शिक्षा में लगाये। ये बात चैतरई पर्व चिंवरी क्षेत्र के कार्यक्रम करैहा में समाज को संबोधित करते हुए कहा हम विश्व आदिवासी दिवस मनाते थे लेकिन शासकीय अवकाश नही मिलता था। हमारे मुखिया भूपेश बघेल जी ने अवकाश घोषित किया अब हम भव्य रूप से विश्व आदिवासी दिवस मनाते है। हमारे छत्तीसगढ़ के संस्कृति को पहचान मिली है। अभी हमारे मुखिया ने बजट में शामिल किये है कि आदिवासी समाज के प्रमुख त्यौहार को मनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत को सहयोग राशि दिया जायेगा। हमारे जो देव पुजारी है उनको भी सहयोग किया जायेगा जिससे वो अपने देवी देवताओं का अच्छा पूजा पाठ कर सके। हमें अपने मूल धरोहर को संवार कर रखना है। हमारे मुखिया द्वारा एक और महत्वपूर्ण घोषणा किया गया कि जो भी प्रतियोगी परीक्षा होगा उसका फीस माफ होगा कोई फीस नही लगेगा। देश में आज उदारीकरण है आज पूरा विश्व खुला हुआ है हम भारत के साथ-साथ विदेशों में जाकर अपना व्यवसाय या नौकरी कर सकते है इसके लिए हमारे मुख्यमंत्री जी ने सभी ब्लाकों में आत्मानंद स्कूल खोला गया है जिससे हमारे बच्चे अंग्रेजी माध्यम से पढ़कर उच्च स्थानों पर पदस्थ हो सके प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो सके, हम आत्मनिर्भर बन सके।

# ग्राम लोधमा में स्वयंभू महादेव मंदिर जीर्णोद्धार पर निकली विशाल कलश यात्रा

## वातावरण हुआ भगवामय, भण्डारे में हजारो श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

■ रात्री में श्रद्धालु सम्मिलित होंगे अखण्ड कीर्तन में : भगवा बाईक रैली का भी ग्राम में हुआ समापन





**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**कुनकुरी।** विकास खण्ड कुनकुरी के ग्राम लोधमा स्थित स्वयंभू भगवान शंकर के पुरातन मंदिर के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण पर भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारी संख्या में हिन्दू धर्मावलम्बी श्रद्धालुगण आस्था के साथ सम्मिलित हो रहे है। इस आयोजन के अन्तर्गत निकाली जाने वाली कलश यात्रा के लिये मंदिर में कलश पूजन कर सैकड़ा महिलाओं ने ग्राम सीमा की बलजोरा नदी से कलश भरने के लिये मंदिर परिसर से अपनी यात्रा प्रारंभ की। धार्मिक जयघोष के साथ प्रारंभ हुई इस यात्रा में श्रद्धालु महिलाओं ने बलजोरा नदी पहूंचकर अपने कलशो में पवित्र जल भरा और स्वयंभू भगवान शिव के मंदिर के लिये अपनी यात्रा प्रारंभ की। कलश यात्रा के आगे आगे पारम्परिक नगाड़ा समुह द्वारा भी अपने कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा था। इस आयोजन को लेकर पूरे ग्राम लोधमा में अपूर्व उत्साह व्याप्त रहा। सैंकड़ो महिलाओं के द्वारा निकाली गई इस कलश यात्रा में अन्य श्रद्धालु भी सम्मिलित हुए। नदी तक जाते हुए एवं लौटने की अवधि में धार्मिक नारे लगाने के साथ धार्मिक भजन भी गाये जा रहे थे। नदी किनारे से कलश भरकर लौटी महिलाओं ने मंदिर में अपने कलश समर्पित किये। ग्राम के वरीष्ठ नागरिक एवं संरक्षक पंडित निलाम्बर नंदे द्वारा समस्त धार्मिक विधान सम्पन्न कराये गये। मंदिर आगमन पर नन्दे परिवार का बाजे गाजे के साथ स्वागत किया गया। आयोजन के अन्तर्गत सामुहिक भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालु आस्थापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर रहे है। रात्री में अखण्ड कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में ग्राम स्वराज मंच हिन्दू स्वाभिमान जागरण भगवा यात्रा का समापन कार्यक्रम भी सम्पन्न होगा। ग्राम लोधमा में सम्पन्न हो रहे धार्मिक कार्यक्रम एवं ग्राम जयकारी से लोधमा तक हो रही भगवा बाईक रैली के दौरान स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर के मार्गदर्शन व उपपुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के निर्देशन में एसडीओपी कुनकुरी संदीप मित्तल, थाना प्रभारी एल आर चौहान सहित पूरा पुलिस बल शांती व्यवस्था बनाये रखने के लिये सक्रिय रहा।

# कुनकुरी अंचल में लहराया भगवा ध्वज

## गूंजे जय श्री राम के नारे, निकली विशाल भगवा यात्रा के रूप में मोटरसायकल रैली

■ दर्जनों गांव तक पहूंचाया हिन्दू एकता एवं जागरण का संदेश





**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**कुनकुरी।** एकल अभियान से सम्बद्ध ग्राम स्वराज मंच एवं अन्य सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हिन्दू स्वाभिमान जागरण भगवा यात्रा के अन्तर्गत विशाल मोटरसाईकिल रैली का आयोजन किया गया। भगवा यात्रा का पूरे मार्ग में अनेक स्थानों पर ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं द्वारा भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कानून एवं ट्रेफिक व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस प्रशासन द्वारा उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर के मार्गदर्शन में एवं उप पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप तथा एसडीओपी कुनकुरी संदीप मित्तल के निर्देशन में व्यापक इंतजाम किये गये थे। मंगलवार को आयोजित हुई इस मोटरसाईकिल रैली का शुभारंभ ग्राम जयकारी के सभा मण्डप से किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो बाईक सवार हिन्दु श्रद्धालुओं के साथ एकल अभियान ग्राम स्वराज मंच, अन्य सामाजिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे। बाईक रैली अपने निर्धारित स्थल ग्राम जोकारी से प्रारंभ होकर बेहराटोली, केराडीह, दमगड़ा, चिटकवाईन, ओंदिल सरना, हस्तिनापुर, चरईमारा, नवाटोली, नारायणपुर, रानीकोम्बो, बनकोम्बो, जामचुवां, छापरटोली, टुकूटोली, गिनाबहार होकर कुनकुरी के मंगलभवन पुरानी बस्ती, से टॉकीज मोड़, जय स्तम्भ पहूंची जहां रैली का स्थानीय अग्रवाल समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यहां से रैली बस स्टैण्ड पहूंची जहां रैली के आयोजन के संबंध में लोगो को जानकारी दी गई। रैली बस स्टैण्ड से अस्पताल चौक पहूंची जहां भी रैली का जैन समाज द्वारा स्वागत किया गया। कुनकुरी नगर भ्रमण के बाद रैली सलियाटोली, महुवाटोली, गिरहलडीह होकर अपने अंतिम पड़ाव लोधमा ग्राम पहूंची जहां भव्य स्वागत के उपरांत रैली का समापन किया गया। रैली में सम्मिलित श्रद्धालुओं ने भी स्वयं प्रकट महादेव मंदिर के आयोजन में भण्डारा प्रसाद ग्रहण किया।

# मोर जशपुर मोर ऑटो अभियान' चलाकर यातायात पुलिस जशपुर द्वारा शहर में चलने वाले ऑटो वाहन का किया गया निरीक्षण, समस्त ऑटो चालकों को निर्धारित वर्दी पहने हेतु किया गया निर्देशित

■ 40 ऑटो चालकों का जिला चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा नेत्र, बीपी, शुगर की जांच की गई और अच्छे उपचार हेतु सलाह दी गई।





**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**जशपुरनगर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा तीन पहिया वाहन ऑटो के संबंध में दिए गए निर्देशानुसार तीन पहिया वाहन ऑटो के निरीक्षण हेतु पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी. रवि शंकर के दिशा निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के मार्गदर्शन एवं यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक विमलेश देवांगन के नेतृत्व में आज दिनांक 11 अप्रैल 2023 दिन मंगलवार को यातायात पुलिस एवं जिला अस्पताल की टीम के द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जशपुर अनुभाग के तीन पहिया वाहन ऑटो का माननीय सर्वोच्च न्यायालय के गाइडलाइन के अनुसार चेक किया गया। निरीक्षण हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में वाहनों का रखरखाव एवं स्वच्छता, परमिट, बीमा, फिटनेस, आरसी, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र आदि की जांच की गई, जिसमें पूरे कागजात नहीं पाये जाने पर जल्द से जल्द कागजात पूर्ण करने हेतु सात दिवस का समय दिया गया है एवं समस्त ऑटो चालकों को निर्धारित वर्दी पहने हेतु निर्देश दिया गया। 40 ऑटो चालकों का जिला चिकित्सालय के स्टाफ द्वारा नेत्र, बीपी, शुगर की जांच की गई और अच्छे ईलाज हेतु सलाह दी गई। कार्यक्रम में डॉक्टर एम.के.राम जिला चिकित्सालय जशपुर, यातायात प्रभारी विमलेश देवांगन रक्षित निरीक्षक, सुनेश्वर साय पैंकरा सहायक उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।

# पत्थलगांव की लुडेग क्षेत्र से लाखों रुपए की सागौन लकड़ी कटाई मामले मे तीन आरोपी पकड़ें गयें



**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव की लुडेग क्षेत्र से लाखों रुपए की सागौन लकड़ी कटाई मामलेके मुख्य आरोपी मनोज खुंटिया सहित दो सहयोगी को वन विभाग ने पकड़ा वन विभाग की टीम ने पकड़े आरोपियों से जारी पूछताछ, विगत दिनों लुड़ेग क्षेत्र के जंगल में दिनदहाड़े वन विभाग के कर्मचारी की संलिप्तता में सागौन लकड़ी की कटाई के मामले में पूरे प्रदेश में वन विभाग की कार्यशैली को लेकर हिला कर रख दिया था। लकड़ी तस्कर को ग्रामीणों की मदद से मौके पर एक जेसीबी एवं सागौन भरे लकड़ी ट्रैक्टर को पकड़ कर ग्रामीणों ने पत्थलगांव पुलिस को सूचना दी थी जिसके बाद पत्थलगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी लदे ट्रैक्टर एवं जेसीबी को जप्त करते हुए पत्थलगांव पुलिस थाने लाया था एवं उसी समय पत्थलगांव पुलिस ने मनोज खुंटिया सागौन लकड़ी तस्कर के घर भी दबिश देते हुए करीब 7 से 8 ट्रैक्टर सागौन लकड़ी को पकड़कर थाने ले कर आए थे जिसके बाद से मनोज खुंटिया पिता भीमसेन कुटिया लुडेग निवासी एवं उसके दो सहयोगी रंजन कुजुर पिता चंद्रभान कुजुर बंधन पुरए कश्मीर कुजूर पिता तेरस कुजुर लुडेग निवासी फरार हो चुके थे पत्थलगांव पुलिस ने सागौन के लकड़ियों को एवं जप्त जेसीबी एवं ट्रैक्टर को पत्थलगांव वन विभाग के हवाले कर दिया था। पत्थलगांव वन विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सागौन की लकड़ी की कीमत लगभग दस लाख रुपए आंकी गई है वही मौके से एक ट्रैक्टर जेसीबी भी जप्त की गई है जिसकी कीमत भी लाखों रुपए में है । पत्थलगांव वन परीक्षेत्र अधिकारी कृपासिंधु पैकंरा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सागौन तस्करी के मुख्य आरोपी मनोज खुंटिया पिता भीमसेन कुटिया लुडेग के निवासी एवं उसके अन्य दो सहयोगी रंजन कुजूर पिता चंद्रभान कुजुर बंधनपुर लुडेगए कश्मीर कुजूर पिता तेरस कुजुर लुडेग निवासी को पकड़कर लाया गया है। जिनसे लाखों रुपए के सागौन तस्करी के बारे में विस्तृत पूछताछ की जा रही है कि उनके द्वारा लुड़ेग क्षेत्र के जंगलों से लकड़ी काटकर कहां खपाने का धंधा किया जा रहा था जिससे आने वाले दिनों में क्षेत्र में सागौन तस्कर से सागौन खरीदी करने वालों के हड़कंप मचा हुआ है जल्द ही क्षेत्र में वन विभाग द्वारा छापामार कार्यवाही की जावेगी। वन परीक्षेत्र अधिकारी पैकरा ने बताया कि सागौन कटाई के मामले में वन विभाग के कर्मचारी की संलिप्तता भी नजर आती है जिसका प्रतिवेदन हमारे द्वारा उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही चोरी की लकड़ियों से बने मकानों की भी सघन जांच की जावेगी जो भी इन कामों में संलिप्त पाया जावेगा उसको वन विभाग अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी।

# कोरोना से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गाइडलाइन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे कोरोना मरीजों के आंकड़ों के बीच स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 की गाइडलाइन जारी की है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सभी कलेक्टर को जारी पत्र में 8 बिंदुओं पर दिशा निर्देश जारी किया गया है। सभी कलेक्टरों को भेजे गए स्वास्थ्य सचिव की तरफ से पत्र में कोरोना की टेस्टिंग बढ़ाए जाने साथ साथ अस्पतालों में कोरोना की तैयारियों को पुख्ता रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर को भेजे पत्र में सचिव स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि जिले में सर्दी खांसी के लक्षण के प्रकरणों की सतत निगरानी की जाए और ऐसे प्रकरण की तुरंत कोरोना टेस्ट कराई जाए। जहां कोरोना की जांच कम हो रही है उन जिलों में जांच की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। सचिव ने इस बात के भी निर्देश दिए हैं कि जो मरीज पॉजेटिव आये, उसकी जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए अनिवार्य रूप से भेजा जाए। साथ ही साथ कोरोना मरीज के कांटेक्ट ट्रेसिंग में भी तेजी लाने के निर्देश दिये गये हैं। स्वास्थ्य सचिव ने अस्पतालों में बिस्तरों, ऑक्सीजन बेड, आईसीयू, वेंटीलेटर, मेडिकल ऑक्सीजन और दवाइयों की समुचित उपलब्धता करने को कहा गया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**छ.ग.फ्रंटलाइन**

**धमतरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी के तहत ग्राम पंचायत खल्लारी के आंगनबाड़ी केन्द्र आमझर में रिक्त पद की पूर्ति के लिए नियम शिथिल किया गया है। इसके तहत बारहवीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी नहीं होने के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए अब दसवीं उत्तीर्ण तथा उसी ग्राम के आवेदकों से आगामी 25 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी ने बताया कि आवेदन परियोजना कार्यालय में सीधे अथवा डाक के माध्यम से जमा किया जा सकता है।


न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनीता मिश्रा पत्नी आशुतोष कुमार मिश्रा जाति ब्राम्हण निवासी /ग्राम नगर माझापारा तहसील पटना जिला कोरिया (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 95/8 रकबा 0.015 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/ 04/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा.प्र.क्र.- 202303021200062 / अ-6 / 2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश सोनी आ0 रामजी सोनी उम्र 30 वर्ष, निवासी- मायापुर नगर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक / विक्रेता गिन्नी बाई पति जगमंदर प्रसाद अग्रवाल उम्र 71 वर्ष निवासी सदररोड, नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 08, मोहल्ला- सदररोड, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 2712 / 3 रकबा 0.01 एकड़ भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 2712 / 3 रकबा 0.01 एकड़ भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 22.03.2023 के द्वारा अनावेदक / विक्रेता गिन्नी बाई पति जगमंदर प्रसाद अग्रवाल उम्र 71 वर्ष निवासी सदररोड, नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 22.03.2023 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, 110, छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24.04.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 27.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रीतपाल सिंह भामरा आ0 करतार सिंह जाति सिक्ख निवासी /ग्राम नगर अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 4451/19 ,4451/35 रकबा 0.024, 0.008 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/ 04/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर

कोर्ट नाटिस
ब-अदालत
श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, गढ़वा।
ओरिजनल (OS) सूट नम्बर- 44 / 2022

मो0 नूरे आलम पिता मो0 शमीम खलीफा, निवासी ग्राम व थाना काण्डी, जिला गढ़वा

आवेदक

बनाम

मुसरत परवीन पिता तैमुद्दी खलीफा निवासी ग्राम मोमिनपुर बाबा चिकन दुकान के सामने, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.

विपक्षी

बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप (मुसरत परवीन) को सूचित किया जाता है कि आवेदक (मो0 नूरे आलम) ने इस न्यायालय में ओरिजनल वाद संख्या 44 / 2022 (धारा 281 मोहम्मडन लॉ) के अंतर्गत वैवाहिक जीवन के पुनर्स्थापना हेतु दायर किया है, जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु नजारत एवं स्पीड- पोस्ट दोनों के माध्यम से नोटिस निर्गत किया गया था, परन्तु आप अपना पक्ष रखने के लिए न्यायालय में उपस्थित नहीं हुई। अतः आपको इस पेपर के प्रकाशन के माध्यम से निर्देश दिया जाता है कि इस वाद की अगली नियत तिथि दिनांक 08.05.2023 को समय 7:30 बजे पूर्वाह्न में इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद की कार्यवाही आपके विरूद्ध एकपक्षीय कर दी जायेगी। इसे सख्त ताकित जानें। आज दिनांक 10.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, गढ़वा।

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार अग्रवाल आ0 गोपाल दास अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी /ग्राम नगर राम मंदिर रोड अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 4711/8 रकबा 0.029 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/ 04/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल रउफ आ0 अब्दुल सत्तार जाति मुसलमान निवासी /ग्राम नगर खरसिया तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 4802/5, 4802/9 रकबा 0.028, 0.006 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/ 04/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीप सिंह भामरा आ0 करतार सिंह जाति सिक्ख निवासी /ग्राम नगर अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 4451/34 रकबा 0.016 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/ 04/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश मिंज आ0 लुंदु मिंज जाति उरांव निवासी /ग्राम नगर बासेन तहसील जशपुर जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 4713/5 रकबा 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/ 04/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवन प्रकाश कुजूर आ0 बलीराम जाति उरांव निवासी /ग्राम नगर ओकरा तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 92/9, 92/5 रकबा 0.016, 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/ 04/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल रउफ आ0 अब्दुल सत्तार जाति मुसलमान निवासी /ग्राम नगर खरसिया तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 4810/4 रकबा 0.025 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/ 04/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर

न्यायालय तहसीलदार नजूल, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा.प्र.क्र. / अ-20(1) / 2020-21

ईश्तहार

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है छत्तीसगढ़ राजस्व प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के परिपत्र क्रमांक एफ 04-07 / सात-01 / 2019 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 11 / 09 / 2019 के द्वारा जारी निर्देशानुसार छ.ग. राजस्व पुस्तक परिपत्र के खण्ड 4(1) एवं 4(2) के अद्यतन संशोधित प्रावधानों के तहत आवेदक तुलसी प्रसाद गुप्ता आ0 मोती लाल साव निवासी-नमनाकला, अम्बिकापुर, स्थित शासकीय नजूल भूमि खसरा नम्बर 611 / 1 रकबा 06.20 एकड़ में से रकबा 144.82 वर्गमीटर भूमि पर मकान निर्माण कर अतिक्रमण किया गया है। उसके व्यवस्थापन / आबंटन बावत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या पक्षकार को कोई दावा / आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 13.04.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकतें है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 05.03.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार, नजूल
अम्बिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)

रा.प्र.क्र. / अ-2 / 2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक सीमा गोयल पति अनिल कुमार गोयल जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम अग्रसेन वार्ड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित- ग्राम लालमाटी, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 1 / 77 रकबा 0.081 हे. भूमि को कृषि भिन्न, आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, नक्शा, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 25.04.2023 को मेरे न्यायाल में अथवा अधिक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 10.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(राम सिंह ठाकुर)
अनुविभागीय अधिकारी (रा)
धौरपुर

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संध्या प्रजापति दानी पत्नी राजीव कुमार दानी जाति कुम्हार निवासी /ग्राम नगर भिट्टीकला तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम भिट्टीकला तहसील अंबिकापुर खसरा नंबर 173/1, 174 रकबा 0.016, 0.008 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 26/ 04/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा -आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
अंबिकापुर

## चिंतन

# प्रोजेक्ट्स में देरी रोकने को जवाबदेही तय हो

सरकार के कामकाज में पारदर्शिता के साथ समयबद्धता की भी बहुत जरूरत है। आज देश में सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में सबसे अधिक 407 परियोजनाएं लंबित हैं। इसके बाद रेलवे का 114 और पेट्रोलियम क्षेत्र की 86 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। अवसंरचना क्षेत्र की परियोजनाओं पर फरवरी, 2023 की सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में 717 में से 407 परियोजनाओं में देरी हो रही है। रेलवे की 173 में से 114 परियोजनाएं अपने समय से पीछे चल रही हैं। वहीं पेट्रोलियम क्षेत्र की 146 में से 86 परियोजनाएं अपने निर्धारित समय से पीछे चल रही हैं। बड़ा सवाल है कि आखिर सरकारी सैकड़ों परियोजनाओं में विलंब क्यों होता है? यह समस्या नई नहीं है, आजादी के वक्त से ही है, इसके बावजूद इसे ठीक करने की कोशिश नहीं की गई। एक वक्त था जब सरकारी प्रोजेक्ट्स में भ्रष्टाचार के चलते जानबूझ कर देरी की जाती थी, आज उस प्रवृत्ति पर तो अंकुश लगा है लेकिन परियोजनाओं को पूरा करने में होने वाली देरी को खत्म नहीं किया जा सका है। यूं तो भूमि अधिग्रहण में देरी, वन-पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करने में विलंब, बुनियादी ढांचे के समर्थन की कमी, परियोजना के वित्तपोषण में देरी और कानून व्यवस्था के मुद्दों के कारण परियोजनाओं में देरी होती है, हालांकि इन चीजों को कोई भी प्रोजेक्ट प्लान करने व उसकी रूपरेखा बनाने के वक्त ही दूर किया जा सकता है, लेकिन सरकारी सिस्टम के काम करने के तरीके में अब तक सुधार नहीं होना चिंता की बात है। सरकारी सिस्टम में निर्णय नहीं लेना या निर्णय में देरी करना आम बात है, जिसके चलते सरकारी परियोजनाएं प्रभावित होती हैं। इन सबका अंततः सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ता है, देश के टैक्सपेयरों का पैसा जाया होता है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, जल परिवहन सड़क परिवहन, राजमार्ग क्षेत्र में सबसे अधिक देरी वाली परियोजनाएं हैं। अवसंरचना एवं परियोजना निगरानी प्रभाग (आईपीएमडी) 150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं की निगरानी करता है। आईपीएमडी, सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आता है। रिपोर्ट से पता चलता है कि मुनीराबाद-महबूबनगर रेल परियोजना सबसे अधिक देरी वाली परियोजना हैं। यह अपने निर्धारित समय से 276 महीने पीछे है। दूसरी सबसे देरी वाली परियोजना उधमपुर-श्रीनगर-बारापूला रेल परियोजना है। इसमें 247 माह का विलंब है। बेलापुर-सीवुड शहरी विद्युतीकरण दोहरी लाइन परियोजना अपने निर्धारित समय से 228 महीने पीछे है। फरवरी, 2023 की रिपोर्ट में 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली केंद्रीय क्षेत्र की 1,418 परियोजनाओं का ब्योरा है। रिपोर्ट के अनुसार, 823 परियोजनाएं अपने मूल समय से पीछे हैं। वहीं 346 परियोजनाएं ऐसी हैं जिनकी लागत बढ़ चुकी है। 242 परियोजनाएं देरी से भी चल रही हैं और इनकी लागत भी बढ़ी है। कुल 823 परियोजनाएं अपनी मूल निर्धारित समयसीमा से पीछे हैं और 159 परियोजनाएं ऐसी हैं जिनमें पिछले माह की तुलना में विलंब और बढ़ा है। प्रोजेक्ट्स का समय पर पूरा नहीं होना गंभीर मामला है। परियोजनाओं में देरी के लिए संबंधित लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और जिम्मेदारों को कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। सरकार को प्रोजेक्ट्स के समय से पूरा करने के लिए फुलप्रूफ मैकेनिज्म बनाना चाहिए।



विश्व होम्योपैथी दिवस
डा. ए.के. अरुण

# आज होम्योपैथी की जरूरत ज्यादा

> वैज्ञानिक चिकित्सा के रूप में प्रचलित हुई होम्योपैथी दिनों दिन सस्ते इलाज का विकल्प बन रही है। 2007 में अमेरिका में हुए नेशनल हेल्थ इन्टरव्यू सर्वे में पाया गया था कि लोग तेजी से होम्योपैथी को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में अपना रहे हैं। कहते हैं कि 1810 में इसे जर्मन यात्रियों और मिशनरीज अपने साथ लेकर भारत आए। 1868 में कलकत्ता से ही पहली भारतीय होम्योपैथिक पत्रिका शुरू हुई तथा 1881 में डा. पी.सी. मजुमदार एवं डा. डी.सी. राय ने कलकत्ता में भारत के प्रथम होम्योपैथिक कालेज की स्थापना की। जर्मनी के एक विख्यात एलोपैथिक चिकित्सक डा. सैमुएल हैनिमैन ने 1790 में होम्योपैथी का आविष्कार किया।

10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। अब भारत में होम्योपैथी के 210 साल पूरे हो चुके हैं। इस दो शताब्दी में होम्योपैथीका विकास क्रम इसे जनसेवा की कसौटी पर खरा सिद्ध करता है। इस दौरान होम्योपैथी की वैज्ञानिकता पर उठे सवालों ने भी इसको और ज्यादा प्रसांगिक बनाने में मदद की। दुनिया में जन स्वास्थ्य की बढ़ती चुनौतियों और उससे निबटने में मॉडर्न मेडिसिन की विफलता ने भी होम्योपैथी को प्रचलित होने का मौका दिया है। आजादी के 75 वर्षों में भारत में अकूत धन खर्च कर भी केवल मॉडर्न मेडिसिन के माध्यम से जन स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का सरकारी संकल्प अधूरा ही है। हाल के तीन दशकों में खासकर उदारीकरण के शुरू होने के बाद विकास की नयी दवा 'निजीकरण' ने जहां कुछ लोगों के लिये समृधि के द्वार खोले हैं, वहीं एक बड़ी आबादी महंगे इलाज की वजह से कर्ज के जाल में फंस गई है। इसी पृष्ठभूमि में सस्ती एवं वैज्ञानिक चिकित्सा विकल्प के रूप में प्रचलित हुई होम्योपैथी दिनों दिन सस्ते इलाज का विकल्प बन रही है।

होम्योपैथी के विरोधियों का तर्क है कि यह कोई वैज्ञानिक चिकित्सा पद्यति नहीं बल्कि मीठी गोलियां या जादू की झप्पी है। चिकित्सीय भाषा में इसे 'प्लेसिबो' कह कर खारिज किया जा रहा है। दरअसल 2005 में ब्रिटेन की एक चिकित्सा पत्रिका 'लैन्सेट' ने एक लेख में होम्योपैथी की वैज्ञानिकता एवं प्रभाविता पर सवाल उठाते हुए इसे 'प्लेसिबो से ज्यादा कुछ भी नहीं' बताया था। यह तर्क दिया गया था कि वैज्ञानिक परीक्षण में होम्योपैथी की प्रभाव क्षमता खरी नहीं उतरती। लैन्सेट के इस टिप्पणी ने होम्योपैथी चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को झकझोर दिया था। यह वह समय था जब होम्योपैथी तेजी से यूरोप में लोकप्रिय चिकित्सा पद्यति बनती जा रही थी। इसी दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन ने होम्योपैथी की महत्ता बताते हुए एक रिपोर्ट प्रकाशित की 'द ट्रेडिशनल मेडिसिन इन एशिया।' इस रिपोर्ट में होम्योपैथी की वैज्ञानिकता एवं उसके सफल प्रभावों का जिक्र था। दुनिया के स्तर पर लोकप्रिय होती इस सस्ती, सुलभ और वैज्ञानिक चिकित्सा पद्यति से मॉडर्न मेडिसिन बाजार लॉबी का घबराना स्वाभाविक था। इसलिए होम्योपैथी पर आरोपों का प्रहार शुरू हो रहा था। हालांकि इसी लैन्सेट में 1997 में छपे एक लेख में होम्योपैथी की खूब तारीफ की गई थी।

कहते हैं विज्ञान और तकनीक में आपसी प्रतिस्पर्धा की हद बेहद गन्दी और खतरनाक होती है। आधुनिक रोगों में मॉडर्न मेडिसिन की सीमाओं के बावजूद वह अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्यति को विकसित होते नहीं देख सकती। इसी खीझ का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज व जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन 2007 में अमेरिका में हुए नेशनल हेल्थ इन्टरव्यू सर्वे में पाया गया था कि लोग तेजी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में अपना रहे हैं। उस वर्ष अमेरिका में 39 लाख वयस्क तथा 9 लाख बच्चों ने होम्योपैथिक चिकित्सा ली थी।

होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा विधि है जो शुरू से ही चर्चित रोचक और आशावादी पहलुओं के साथ



विकसित हुई है। कहते हैं कि 1810 में इसे जर्मन यात्रियों और मिशनरीज अपने साथ लेकर भारत आए। फिर तो इन छोटी मीठी गोलियों ने भारतीयों को लाभ पहुंचा कर अपना सिक्का जमाना शुरू कर दिया। 1839 में पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की गम्भीर बीमारी के इलाज के लिये फ्रांस के होमियोपैथिक चिकित्सक डा. जान मार्टिन होनिगेवर्गर भारत आए थे। डा. होनिगेवर्गर के उपचार से महाराजा को बहुत लाभ मिला था। बाद में 1849 में जब पंजाब पर सन हेनरी लारेन्स का कब्जा हुआ तब डा. होनिगबर्गर अपने देश लौट गए। 1851 में एक अन्य विदेशी चिकित्सक सर जान हंटर लिट्टर ने कलकत्ता में मुफ्त होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की। 1868 में कलकत्ता से ही पहली भारतीय होम्योपैथिक पत्रिका शुरू हुई तथा 1881 में डा. पी.सी. मजुमदार एवं डा. डी.सी. राय ने कलकत्ता में भारत के प्रथम होम्योपैथिक कालेज की स्थापना की।

आधुनिक चिकित्सा पद्यति के जनक हिपोक्रेट्स ने चौथी शताब्दी में स्वास्थ्य के लिये रेशनलिज्म (तर्कवादी) और होलिस्टिक (समग्र) प्रणाली का जिक्र किया था। इनमें होलिस्टिक मत को ज्यादा महत्वपूर्ण माना गया है। इसके अनुसार स्वास्थ्य एक सकारात्मक स्थिति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी अब स्वास्थ्य को एक ऐसी ही स्थिति मानने लगा है। शरीर, मन और आत्मा के क्रियाकलापों के सामंजस्य को ही हम स्वास्थ्य कहते हैं। वास्तव में होम्योपैथी ही ऐसी पद्यति है जो सूक्ष्म रूप से व्यक्ति के शरीर की रोग उपचारक क्षमता को प्रेरित कर शरीर को रोग मुक्त करती है। यह साथ ही शरीर की सभी क्रियाओं को भी नियंत्रित करती है। होम्योपैथी में किसी बाहरी तत्व ;जीवाणु या विषाणु के कारण होने वाली शारीरिक क्रिया या प्रतिकृया को बीमारी न मान कर उसे बीमारी के कारण पैदा हुई अवस्था माना जाता है। होम्योपैथी में इलाज रोग के नाम पर नहीं होता, बल्कि रोगी की प्रकृति, प्रकृति, उसके सामान्य लक्षण, मानसिक स्थिति आदि का अध्ययन कर उसके लिये होम्योपैथी की एक शक्तिकृत दवा का चयन किया जाता है।

होम्योपैथी के आविष्कार की कहानी भी बड़ी रोचक है। जर्मनी के एक विख्यात एलोपैथिक चिकित्सक डा. सैमुएल हैनिमैन ने चिकित्सा क्रम में यह महसूस किया कि एलोपैथिक दवा से रोगी को केवल अस्थाई लाभ ही मिलता है। अपने अध्ययन और अनुसंधान के आधार पर उन्होंने दवा को शक्तिकृत कर प्रयोग किया तो उन्हें अवांछित सफलता मिली और उन्होंने 1790 में होम्योपैथी का आविष्कार किया। उन्होंने होम्योपैथी के सिद्धान्त 'सिमिलिया-सिमिलिबस-क्यूरेन्टर' यानि 'सदृश रोग की सदृश चिकित्सा'का प्रतिपादन किया। हालांकि इस सिद्धान्त का उल्लेख हिपोक्रेटस एवं उनके शिष्य पैरासेल्सस ने अपने ग्रन्थों में किया था, लेकिन इसे व्यावहारिक रूप में सर्वप्रथम प्रस्तुत करने का श्रेय डा. हैनिमैन को जाता है। उस दौर में एलोपैथिक चिकित्सकों ने होमियोपैथिक सिद्धान्त को अपनाने का बड़ा जोखिम उठाया। होम्योपैथिक दवा से गैंगरीन के ठीक होने पर डा. हेरिंग ने होम्योपैथी के खिलाफ अपना शोध प्रबन्ध फाड कर फेंक दिया। उन्होंने 'रोग मुक्ति का नियम' भी प्रतिपादित किया। डॉ. हेरिंग ने जान जोखिम में डालकर सांप के घातक विष से होम्योपैथी की एक महत्वपूर्ण दवा 'लैकेसिस' भी तैयार की जो कई गम्भीर रोगों के इलाज में महत्वपूर्ण है। आज जन स्वास्थ्य की चुनौतियां बढ़ रही हैं व आधुनिक चिकित्सा पद्यति इन चुनौतियों से निबटने में विफल सिद्ध हो रही है। ऐसे में होम्योपैथी एक बेहतर विकल्प हो सकती है। जन स्वास्थ्य के प्रबन्धन में होम्योपैथी को अब नजरअन्दाज करना मुश्किल होगा।

(लेखक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त होम्योपैथिक चिकित्सक एवं 'फ़ूड न्युट्रिशन एंड हेल्थ' पत्रिका के प्रधान सम्पादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जन कल्याण
डा. भारती प्रविण पवार



# आदिवासी समुदाय के विकास का संबल बन रही योजनाएं

आदिवासी समुदाय प्रकृति के साथ मानव संपर्क का एक सुंदर संतुलन बनाए रखते हुए अपने पारंपरिक जीवन के तरीकों और अपने प्राचीन ज्ञान और मूल्यों के साथ रह रहे हैं, लेकिन वे आधुनिक विकास के लाभों से लाभान्वित होने में अपनी अनूठी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मोदी सरकार विभिन्न भौगोलिक और सामाजिक-सांस्कृतिक परिस्थितियों में उन तक पहुंचने के लिए उनकी विशिष्ट चुनौतियों को पूरा करने के लिए अनुकूलित विशेष कार्यक्रमों के लिए प्रावधान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आदिवासी समुदाय के विकास के सभी क्षेत्रों में अथक प्रयास किया है। कृषि से स्वास्थ्य सेवा तक; शिक्षा से लेकर कौशल विकास तक - इरादा हमेशा अंतिम मील तक पहुंचने और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से; जनजातीय उत्पाद के विकास और विपणन के लिए संस्थागत सहायता; विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के विकास की योजना; सरकार आदिवासियों के उत्थान और उन्हें मुख्यधारा का हिस्सा बनाने की दिशा में काम कर रही है। केंद्र सरकार ने आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति; पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय फैलोशिप और राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजनाओ को मजबूत किया। उन जिलों की पहचान की गई है जहां अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की शिक्षा तक पहुंच कम है। दूरस्थ क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) का सुदृढ़ीकरण किया गया है ताकि वे उच्च और व्यावसायिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों में अवसरों का लाभ उठा सकें और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकें।

देश की जनजातीय आबादी में सिकल सेल रोग के प्रसार को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय सिकल सेल रोग नियंत्रण कार्यक्रम शुरू किया। वित्त वर्ष 2023 में सरकार द्वारा स्वास्थ्य देखभाल व्यय को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का 2.1% कर दिया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आदिवासी लोगों के लिए अपना भरपूर समर्थन दिया है, और इन कार्यक्रमों के लिए संसाधन उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया है। बजट भाषण इसी प्रतिबद्धता को दोहराने के साथ शुरू होता है; 'हम एक समृद्ध और समावेशी भारत की कल्पना करते हैं, जिसमें विकास का लाभ सभी क्षेत्रों और नागरिकों, विशेष रूप से हमारे युवाओं, महिलाओं, किसानों, ओबीसी, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति तक पहुंचे।' सात प्राथमिकताओं के तहत, जिसे 'सप्तऋषि' कहते हैं, जो इस बजट की दृष्टि को स्पष्ट करती है, समावेशी विकास और अंतिम मील तक पहुंचना, पहली दो प्राथमिकताओं के रूप में परिभाषित की गई हैं। एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के तहत, 27 राज्यों में कुल 112 एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स (एडी) की पहचान नीति आयोग द्वारा की गई है। मैंने कई एस्पिरेशनल जनजातीय जिलों का दौरा किया है और आदिवासियों के साथ बातचीत की है और उन बदलावों के बारे में जानती हूं जो समाज में इस सरकार की पहलों के रूप में आने लगे हैं। हमारी समर्पित सरकार द्वारा की गई पहलों का प्रभाव अब प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों में दिखाई दे रहा है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, अनुसूचित जनजातियों के संबंध में, शिशु मृत्यु दर 62.1 (2005-06) से घटकर 41.6 (2019-21) हो गई है; पांच वर्षों के काम की आयु के बच्चों की मृत्यु दर 95.7 (2005-06) से घटकर 50.3 (2019-21) हो गई है, संस्थागत प्रसव 17.7% (2005-06) से बढ़कर 82.3% (2019-21) हो गया है और 12-23 महीने के बच्चों का टीकाकरण 31.3% (2005-06) से बढ़कर 76.8% (2019-21) हो गया है। सबसे हाशिये पर और कमजोर वर्गों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करने में योगदान देने वाली कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं हैं; स्वच्छ भारत मिशन के तहत 11.7 करोड़ घरेलू शौचालय, पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ एलपीजी कनेक्शन, 47.8 करोड़ पीएम जन धन बैंक खाते और सबसे महत्वपूर्ण, हमारा कोविड टीकाकरण अभियान, जिसमें 102 करोड़ आबादी (220 करोड़ टीकाकरण के साथ) शामिल है। सभी अंत्योदय और प्राथमिकता वाले परिवारों को अगले एक साल के लिए मुफ्त अनाज की आपूर्ति करके पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत समर्थन जारी है।

## वास्तविकता का दर्शन







संकलित
दर्शन

किसी भी चीज पर ध्यान देने के लिए यह जरूरी है कि हम उसके बारे में राय बनाना बंद कर दें। हमें चीजों को उसी तरह देखना चाहिए, जैसी वे वास्तव में हैं। आपको धारणा बनाने की आदत छोड़ने की कोशिश नहीं करनी है, बस धारणा बनाइए ही नहीं। राय या धारणा एक कल्पना है। मैं किसी व्यक्ति की ओर देखकर सोचूं, अरे, यह तो बहुत बुद्धिमान है या यह मूर्ख है, यह अच्छा है या यह बुरा है। ये सब कल्पनाएं है। क्यों न हम कल्पना किए बिना यूं ही देखें? लोगों को कम उम्र में ही यह गुण अपने अंदर पैदा करना चाहिए। अगर आप धारणा नहीं बनाना चाहते, तो आपको अपने मन में एक खास संतुलन लाना होगा। सिर्फ वही मन साफ-साफ देख पाता है, बाकी सभी में बस धारणा और विचार भरे हुए हैं। वे वास्तविकता को नहीं देख पाते। या तो आप चीजों को उस तरह देखते हैं, जैसी वे वाकई हैं या आप अपने दिमाग में कल्पनाएं कर रहे हैं। आपका दिमाग कल्पना करने के लिए नहीं है। आपके अंदर बुद्धि धारणा बनाने के लिए नहीं है। आपको ऐसी बुद्धि मिली हुई है कि आप चीजों को उनकी सतह से परे देख सकते हैं। आप चीजों को उनकी वास्तविकता में देख सकते हैं, न कि जैसी वे ऊपरी तौर पर हैं। इंसानी बुद्धि का यही मतलब है। बुद्धि भेदने वाली होनी चाहिए, काल्पनिक नहीं। आपकी राय काल्पनिक होती है। जिस पल आप किसी चीज को अच्छा और दूसरी चीज को बुरा समझते हैं, सब लोग किसी न किसी श्रेणी में आ जाते हैं। आपको समझना होगा कि हर जीवन अपने आप में अनूठा है।

## समस्या से डरें नहीं, उसे सुलझाने का सोचें





संकलित
प्रेरणा

डर को जीतने की कला में हनुमान निपुण हैं। कई घटनाएं हैं, जिन्होंने उनके मन में भय पैदा करने की कोशिश की, लेकिन वे बुद्धि और शक्ति के बल पर उनको हरा कर आगे बढ़ गए। डर को जीतने का पहला मैनेजमेंट फंडा यहीं से निकला है कि अगर आप विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ना चाहते हैं तो बल और बुद्धि दोनों से काम लेना आना चाहिए। जहां बुद्धि से काम चल जाए वहां बल का उपयोग नहीं करना। रामचरित मानस के सुंदरकांड का प्रसंग है सीता की खोज में समुद्र लांघ रहे हनुमान को बीच रास्ते में सुरसा नाम की राक्षसी ने रोक लिया। हनुमान को खाने की जिद की। हनुमान ने बहुत मनाया, लेकिन वो नहीं मानी। वचन भी दे दिया, राम का काम करके आने दो, सीता का संदेश उनको सुना दूं फिर खुद ही आकर आपका आहार बन जाऊंगा। सुरसा फिर भी नहीं मानी। वो हनुमान को खाने के लिए अपना मुंह बड़ा करती, हनुमान उससे भी बड़े हो जाते। वो खाने की जिद पर अड़ी रही, लेकिन हनुमान पर कोई आक्रमण नहीं किया। ये बात हनुमान ने समझ ली कि मामला मुझे खाने का नहीं है, सिर्फ ईगो की समस्या है। तत्काल सुरसा के बड़े स्वरूप के आगे उन्होंने खुद को बहुत छोटा कर लिया। उसके मुंह में से घूमकर निकल आए। सुरसा खुश हो गई। आशीर्वाद दिया। लंका के लिए जाने दिया। जहां मामला ईगो के सेटिस्फैक्शन का हो, वहां बल नहीं, बुद्धि का इस्तेमाल करना चाहिए, ये हनुमान ने सिखाया है। बड़े लक्ष्य को पाने के लिए अगर कहीं झुकना भी पड़े, झुक जाइए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### विश्व स्वास्थ्य दिवस का उद्देश्य

सारी दुनिया में स्वास्थ्य सेवाओं, वैश्विक महामारियों से बचाव और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन अर्थात डब्ल्यूएचओ की स्थापना 7 अप्रैल 1948 को हुई थी। इसी दिन को विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। कोविड-19 महामारी के प्रति डब्ल्यूएचओ की भूमिका निराशाजनक रही। इसमें कोई दोराय नहीं कि कोविड-19 के प्रति डब्ल्यूएचओ का ढुलमुल रवैया रहा, तभी तो चीन से अस्तित्व में आई कोरोना की महामारी सारी दुनिया के लिए आफत बनी, या फिर यह समझा जाए कि कोरोना के आगे डब्ल्यूएचओ भी हार गया। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं हुआ कि डब्ल्यूएचओ ने महामारी के आगे घुटने टेके हों, बल्कि स्वाइन फ्लू के आगे भी उसने हार मान ली थी। *- रमेश यदु, बिलासपुर*

### ट्रेंड

#### असाधारण नेतृत्व क्षमता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरने को लेकर उनकी सराहना करता हूं। इसने हर भारतीय को प्रेरित किया है। राष्ट्रपति जी ने बार-बार असाधारण नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

#### मुद्रा लोन के दावे पर हैरान



प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत दिए गए 83 प्रतिशत कर्ज की राशि 50,000 रुपये से कम है, ऐसे में मैं हैरान हूं कि आज के समय में इतनी कम धनराशि में किस तरह का कारोबार किया जा सकता है।

-पी चिदंबरम, पूर्व वित्त व गृह मंत्री

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आप जिस भी काम की शुरूआत करें उसमे माता-पिता की सलाह अवश्य ले लें। धर्म-कर्म और अध्यात्म में आपका विश्वास बना रहेगा, इससे मन में शांति रहेगी तथा पॉजिटिव एनर्जी का संचार होगा। किसी अनजान व्यक्ति पर भरोसा करने से आज आपको बचना चाहिए। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज फालतू की चीजों को महत्त्व न देकर अपने करियर के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। फैशन डिजायनर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी मित्रों के साथ मनोरंजन में कुछ समय बीतेगा। आपके घर में डेकोरेशन सम्बन्धी कोई काम हो सकता है। आपके बिजनेस के किसी नए काम से सम्बंधित फर्स्ट पेमेंट आ सकती है जिससे मन में खुशी और उत्साह बना रहेगा। किसी के मामले में आपको अपनी राय रखने से बचना चाहिए।

मिथुन राशि : आज का दिन सामान्य रहेगा। आपका पूरा दिन भाग-दौड़ में बीतेगा। कोई जरूरी काम बनते-बनते रुक सकता है। कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं तो बेहतर होगा कि बड़ों की सलाह लेकर ही शुरूआत करें, इससे काम सही से पूरा होगा। कारोबार में पैसों का मामला कहीं उलझ सकता है। हर मामले पर आपको बारीकी से ध्यान देना होगा। शारीरिक रूप से आप स्वस्थ्य रहेंगे। आप किसी सामाजिक कार्य का हिस्सा बनेंगे। हर कोई आपके काम से प्रभावित होगा।

कर्क राशि : आज का दिन बेहतर रहने वाला है। बिजनेस में फायदेमंद एग्रीमेंट होने की संभावना है। नौकरी के क्षेत्र में आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिल सकती है। कई दिनों से घर में चल रही समस्या आज सुलझ जाएगी। आपके रुके हुए काम भी पूरे होंगे। आप कोई पार्ट टाइम काम शुरू कर सकते हैं। धैर्य और संयम बनाकर रखें।

सिंह राशि : आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। घर को व्यवस्थित रखने के लिए आपका सहयोग जरूरी होगा। बच्चों को पढ़ाई के प्रति मोटिवेट करेंगे। आप पूरा दिन किसी बुक को पढ़ने में बिताएंगे, आपको नई बाते पता चलेगी। ऑफिस में किसी काम को लेकर उलझन में रहेंगे लेकिन किसी सहयोगी का साथ मिलने से काम में आसानी होगी। किसी काम की शुरूआत करने के आज का दिन आपके लिए बढ़िया है।

कन्या राशि : आज का दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलेंगे जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज अपनी मेहनत के अनुकूल परिणाम मिलने से मनोबल बढ़ेगा। अपने वर्क प्रोसेस में चेंजेस करने के लिये सही समय है, कोई फैसला लेते समय अच्छे से विचार-विमर्श जरूर कर लें इससे आपके काम में आसानी होगी।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार और बिजनेस में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में सक्षम रहेंगे। आप कोई व्यक्तिगत निर्णय ले सकते हैं ऐसा करना आपके लिए बढ़िया हो सकता है, माता-पिता या मित्रों से सलाह भी ले सकते हैं। लापरवाही और उदारता व्यापार के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। परिवार के लोगों की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में आपको खुशी मिलेगी। वर्षों की कठिन मेहनत का अच्छा फल आपको मिलेगा, आप काम करने की नई योजनाओं पर काम शुरू करेंगे। दाम्पत्य जीवन में मधुरता रहेगी। घर के बड़े-बुजुर्गों का स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा, आप शाम को साथ समय बिताएंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपका कोई रुका काम पूरा हो जायेगा। समाज में आपकी बातों की इम्पोर्टेंस बढ़ेगी किसी मसले में आपका प्रस्ताव निर्णायक साबित होगा। स्टूडेंट्स का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरूआत होगी। आपके घर में कोई मंगल कार्यक्रम हो सकता है, आपका दिन व्यस्तता और भाग-दौड़ में बीतेगा।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। किसी प्रॉपर्टी सम्बन्धी कामों में निवेश करने के लिए अच्छा दिन है आपको लाभ मिलेगा। इस राशि की जो महिलाएं जॉब की शुरूआत करना चाहती हैं उनके लिए वर्क-फ्रॉम होम एक बेहतर विकल्प साबित होगा। नौकरीपेशा लोगों की ऑफिसियल काम के लिए लम्बी यात्रा संभव है, यात्रा सुखदायी रहेगी।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। काम में आपका पूरा मन लगेगा, काम सही समय व आसानी से पूरा हो जायेगा। लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी से काम लेना है। अधिक व्यस्तता के कारण आप परिवार को अधिक समय नहीं दे पाएंगे फिर भी परिवार के लोगों का साथ बना रहेगा। इस राशि के जो स्टील का बिजनेस करते हैं उनके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। कार्यक्षेत्र में धन संबधी मामलों में समझौता न करें न ही किसी पर भरोसा करें। आपका भय दूर होगा, आज शत्रु पक्ष आपसे दूरी बनाकर रहेगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप माता-पिता के साथ कहीं जाने का प्लान बनायेंगे। सरकारी मामलों में लापरवाही आपकी परेशानी का कारण बन सकती है अतः काम में सटीकता और ईमानदारी रखें। दिन भर के बिजी शेड्यूल के बाद परिवारवालों के साथ समय बिताने से आपको रिलैक्स फील होगा।



## रवि तेजा 'मनाडू' के रीमेक से करेंगे हिंदी डेब्यू?

**चेन्नई।** साउथ सुपरस्टार्स दक्षिण सिनेमा में धमाल मचाने के बाद बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी अपना जलवा बिखेरते नजर आ रहे हैं। जहां बीते दिन जूनियर एनटीआर के ऋतिक रोशन की फिल्म 'वॉर 2' से जुड़ने की खबरें सुर्खियों में रहीं, तो अब रवि तेजा के हिंदी सिनेमा से जुड़ने की रिपोर्ट हेडलाइंस का हिस्सा बन रही है। खबरों के मुताबिक रवि तेजा फिल्म 'मनाडू' के रीमेक से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। रवि तेजा को लेकर खबरें हैं कि वह 'मनाडू' के रीमेक में वरुण धवन के साथ अपनी हिंदी फिल्म की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। वेंकट प्रभु के डायरेक्शन में बनी 'मनाडू' में कल्याणी प्रियदर्शन, करुणाकरन और प्रेमगी ने मुख्य किरदार निभाया था।

लाइफ Style

## सामंथा जीता फैंस का दिल



दक्षिण भारतीय अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी फिल्म 'शाकुंतलम' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में वह फिल्म के प्रमोशनल प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुई थीं। यह इवेंट मुंबई में आयोजित किया गया था। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म से जुड़ी कई बातें बताईं और टीम की सराहना भी की। इस इवेंट में सामंथा ने हिंदी बोलते हुए वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया, जिसका वीडियो अभिनेत्री ने फैंस के साथ साझा किया है।

**मुंबई।** दरअसल, इस इवेंट का एक वीडियो सामंथा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर साझा किया। वीडियो में वह स्टाइलिश लुक में नजर आईं और इवेंट में ग्रांड एंट्री ली। वीडियो में इवेंट की कुछ झलकियां भी नजर आईं। अभिनेत्री के साथ 'शाकुंतलम' के को-स्टार देव मोहन भी दिखे।

सामंथा ऑडिटोरियम में आती हैं और लोगों का धन्यवाद करती हैं। सामंथा साउथ इंडस्ट्री से ताल्लुक रखती हैं तो वह अक्सर इंग्लिश में ही बात करती नजर आती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने हिंदी में बातचीत की। उन्होंने कहा, 'शाकुंतलम के ट्रेलर को आपने जैसा सपोर्ट किया और जो प्यार दिया, उसके लिए बहुत शुक्रिया। मुझे उम्मीद है कि आप इसी तरह 'शाकुंतलम' फिल्म की टीम को अपना सपोर्ट देंगे और फिल्म सिर्फ थिएटर में जाकर देखेंगे। इस वीडियो को साझा करते हुए सामंथा ने कैप्शन में लिखा, 'प्यार के लिए शुक्रिया मुंबई। इसके साथ ही उन्होंने दिल का इमोजी भी बनाया। अब सोशल मीडिया पर अभिनेत्री का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। यूजर्स उनके इतनी अच्छी हिंदी बोलने की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'बहुत बढ़िया। आप काफी साफ हिंदी बोलती हैं।' इस पर सामंथा ने भी जवाब दिया और कहा, 'हां, मैंने बोला।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आप इतनी अच्छी हिंदी बोलती हैं कि मन करता है सुनता ही रहूं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'इतनी फर्राटेदार हिंदी बोली है आपने कि एक बार फिर मैं आपका फैन बन गया।

हॉलीवुड मसाला



## बुरे फंसे जस्टिन बीबर, क्यूं लग रही है क्लास?

**लॉस एंजेलिस।** मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर ने बीते दिन ऐसा बयान दे दिया जिससे सोशल मीडिया पर तहलका मच गया। इस बयानबाजी में उनकी पत्नी हैली बीबर भी उनका साथ देती नजर आईं। दरअसल, जस्टिन और हैली ने रमजान के महीने में रोजा रखने को बेवकूफी बता दिया। इसे जानने के बाद 'बिग बॉस 7' की विनर गौहर खान उनकी क्लास लगाती देखी गईं। वहीं, अब इस लिस्ट में पाकिस्तानी एक्ट्रेस आयशा ओमर का भी नाम जुड़ गया है, एक्ट्रेस ने जस्टिन और हैली को खूब खरी-खोटी सुनाई है। पाकिस्तानी एक्ट्रेस आयशा ओमर ने दोनों को आड़े हाथों लेते हुए नॉलेज बढ़ाने की हिदायत दे दी।



## हादसे के बाद मौत के करीब पहुंच गए थे जेरेमी, बोले- टूटी थीं 30 से ज्यादा हड्डियां

**न्यूयार्क।** एवेंजर्स सीरीज की फिल्मों में सुपरहीरो हॉकआई का किरदार निभाने वाले हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी रेनर बीते साल दिसंबर में भयानक हादसे के शिकार हो गए थे। ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्टर जेरेमी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब अपने हादसे पर अभिनेता ने खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि 'स्नोप्लो हादसा' उनकी गलती थी, जो उन्हें मौत के करीब ले गया था। उन्होंने अपने परिवार से इस कठिन परीक्षा से गुजरने के लिए माफी मांगी। अभिनेता ने उस हादसे के बारे में बताया, जब 6500 किलोग्राम स्नो-कैट ने उन्हें कुचल दिया था। अभिनेता ने खुलासा किया कि उन दिनों उन्होंने अपने परिवार के लिए अंतिम शब्द भी लिख दिए थे। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अभिनेता ने कहा कि वह शुरुआत में स्नो-कैट के साथ बर्फ में फंसी एक फोर्ड रैप्टर को उठाने गए थे।



## लगातार फ्लॉप के बाद अजय किस 'मैदान' में दिखाएंगे 'दम'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी फिल्म 'भोला' को लेकर लगातार चर्चा में रहे। बड़े बजट की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। अजय हर किरदार में बेहद आसानी से ढल जाते है, लेकिन क्या आपको पता है कि 31 साल के करियर में अजय ने ऐसी कई ऐसी फिल्मों में काम किया है, जो सुपरफ्लॉप रहीं। चलिए जानते हैं वे कौन-सी फिल्में थीं, जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुईं। अजय देवगन की फिल्म रनवे 34 ने रिलीज से पहले दर्शकों के बीच काफी सुर्खियां बटोरी थीं। यह फिल्म साल 2022 में रिलीज हुई थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर महज 32.96 करोड़ रुपये की कमाई की थी। यह अजय की करियर की सुपर फ्लॉप फिल्म साबित हुई। अभिनेता अजय देवगन की फिल्म हिम्मतवाला के गाने तो दर्शकों के बीच काफी चले, मगर अफसोस यह फिल्म ऑडियंस के दिलों में अपनी जगह बनाने में कामयाब नहीं रही। यह फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी।



## प्रीति जिंटा ने ट्रोल होने के बाद बताई पैसे नहीं देने की हकीकत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में वह एक दिव्यांग व्यक्ति को भीख नहीं देने पर ट्रोल हुई थीं, जिसे लेकर अब उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी बात सामने रखी है। प्रीति ने एक पोस्ट साझा करते हुए उनके साथ बीते दिनों हुए दो हादसों के बारे में बताया और दिव्यांग व्यक्ति को भीख नहीं देने की वजह भी बताई। प्रीति जिंटा ने उस वीडियो को साझा किया, जिसमें वह दिव्यांग व्यक्ति को अनदेखा करते हुए अपनी कार में बैठकर जा रही थीं। इसके साथ उन्होंने लंबा पोस्ट लिखा। प्रीति ने अपने फैंस को अपनी सीमाओं को जानने और अपनी बेटी को न छूने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने पैपराजी को भी सतर्क रहने के लिए कहा और मशहूर हस्तियों का मजाक उड़ाने के बजाय जिम्मेदारी से काम करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा हर कहानी के दो पहलू होते हैं। प्रीति ने पहली घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस हफ्ते दो घटनाओं ने उन्हें हिला कर रख दिया।

टीवी मसाला

## मिनी माथुर ने एक रात में उड़ाए 20 लाख रुपये

**मुंबई।** मिनी माथुर ने इंडियन आइडल के छह सीजन्स होस्ट कर चुकी हैं। लेकिन बाद में उन्होंने इस शो को बाय बाय कह दिया था। उस वक्त तो उन्होंने इसका कारण नहीं बताया, लेकिन बाद में इस बात का खुलासा किया था कि आखिर क्यों उन्होंने ऐसा किया। उन्होंने यह भी बताया कि बाद में कैसे इस शो ने अपना चार्म खो दिया। मिनी टीवी की सबसे सफल टीवी होस्ट में से एक हैं। हाल ही में उन्होंने इस बात का खुलासा किया है कि जब एक रात में उन्होंने 20 लाख रुपये खर्च कर दिए थे। बीते दिनों मिनी माथुर सायरस ब्रोचा के पॉडकास्ट शो में आई थीं। इस दौरान उन्होंने कई टॉपिक्स पर बात की। इस दौरान उन्होंने उस बात को भी याद किया जब उन्होंने एक रात में 20 लाक रुपये खर्च कर दिए थे। मिनी ने बताया, एक शो था जहां मैंने 20 लाख रुपये जीते। उस क्विज का नाम हार्टबीट था। जब मिनी ने पूछा गया कि इस जीते हुए रुपये का उन्होंने क्या किया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'मैंने इसे एक शाम उड़ा दिया था। मेरे साथ 22 लोग थे और मैं उन सभी को मैरियट होटल में डिनर पर ले गई थी और उस दौरान दिल खोल के खर्च किया था।'



## एकता कपूर के इस शो को बाय-बाय कहेंगी तेजस्वी

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश जल्द ही एकता कपूर के सुपरनैचुरल शो 'नागिन 6' को अलविदा कहने वाली हैं। खबर है कि एक्ट्रेस अब इस पॉपुलर टीवी शो का हिस्सा नहीं रहेगीं। हांलाकि, अभी तक इस बारे में एकता कपूर या चैनेल के तरफ से किसी भी तरह की अधिकारिक घोषणा नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्र्स की मानें तो 'नागिन 6' इस महीने यानी अप्रैल में बंद किया जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेजस्वी हर एपिसोड के लिए मोटी रकम चार्ज करती हैं। एक्ट्रेस एक एपिसोड के लिए दो लाख रुपए चार्ज करती हैं। तेजस्वी टीवी की सबसे मंहगी एक्ट्रेसेस की लिस्ट में भी शामिल हैं। शो को पिछले साल लॉन्च किया गया था। शो में लोगों को तेजस्वी की एक्टिंग काफी पसंद आ रही है। इसके साथ ही टीआरपी के मामले में भी 'नागिन 6 ' पीछे नहीं है। अपनी दमदार स्टोरी लाइन की वजह से शो की टीआरपी आसमान छूने लगी थी।



## हैरान कर देगा 'टाइगर वर्सेज पठान' का बजट, करोड़ों नहीं अरबों रुपये होंगे खर्च

**मुंबई।** हाल ही में शाहरुख खान की फिल्म पठान रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने देश ही नहीं विदेशों में भी झंडे गाड़ दिए थे। सिनेमाघरों में इस फिल्म ने धमाकेदार कमाई की है। इस फिल्म ने दर्शकों को सिनेमाघरों में आने के लिए मजबूर कर दिया था। पठान की जबरदस्त सफलता को देखते हुए मेकर्स ने इस फिल्म के बाद टाइगर वर्सेज पठान का एलान किया है। इस फिल्म में शाहरुख और सलमान खान नजर आने वाले हैं। तो चलिए आपको बताते हैं कि इस फिल्म का बजट कितना होगा। पठान के क्रेज को देखते हुए इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि टाइगर वर्सेज पठान भी इसी तरीके से काफी बड़ी फिल्म बनकर उभर सकती है। टाइगर वर्सेज पठान के नाम से ही यह बात साफ हो रही है कि इस फिल्म में सलमान खान और शाहरुख खान एक दूसरे के खिलाफ जंग लड़ते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का भी निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करने वाले हैं। इस फिल्म के बजट की बात करें तो खबरों के अनुसार इस फिल्म का बजट 200 से 250 करोड़ के बीच रखा गया था। लेकिन अब इस फिल्म का बजट 300 करोड़ रुपये रखा गया है। हालांकि अभी इस बजट में दोनों सितारों की फीस शामिल नहीं है।



## रूपहले परदे की पहली 'झांसी की रानी' थी मेहताब



आज पुण्यतिथि

- अभिनेता सोहराब मोदी की पत्नी मेहताब ने फिल्म इतिहास में अपनी अलग जगह बनाई

मुंबई। जाने माने अभिनेता और निर्देशक सोहराब मोदी को लगभग सभी फिल्म प्रेमी जानते है लेकिन सोहराब मोदी की पत्नी और अपने दौर की मशहूर अदाकारा मेहताब का योगदान अपने पति से कम नहीं रहा। उन्होंने शुरूआती दौर में कई यादगार फिल्मों में काम किया। ) हिंदी/उर्दू फिल्मों की अभिनेत्री मेहताब (1913-1997) ने 1928 से 1969 तक अभिनय का जादू जगाया।

उनका जन्म 23 अप्रैल 2013 को साचिन, गुजरात में एक मुस्लिम परिवार में हुआ था और उनका नाम नजमा रखा गया था। उनके पिता, नवाब सिदी इब्राहिम मोहम्मद याकूत खान सूरत के पास साचिन के नवाब थे । उन्होंने 1920 के दशक के अंत में सेकंड वाइफ (1928), इंदिरा बीए (1929) और जयंत (1929) जैसी फिल्मों में छोटी भूमिकाओं के साथ अपने करियर की शुरुआत की। वहीं डब्ल्यूएम खान के साथ कमाल-ए-शमशीर (1930) की। फिर किदार शर्मा निर्देशित चित्रलेखा (1941) के साथ प्रमुखता से फिल्मों में नजर आने लगी।

अशरफ खान के साथ 'वीर कुणाल' में उनकी जोड़ी खूब जमी थी। बाद उन्होंने अपने शुरुआती दौर के इस सह-कलाकार अशरफ खान से पहली शादी की। जिनसे उन्हें एक बेटा हुआ। बाद में उनका तलाक हो गया। उन्होंने अलग-अलग निर्माण कंपनियों और निर्देशकों के अधीन काम करना शुरू किया। अपने बेटे के जन्म और तलाक के बाद, उन्होंने क़ैदी (1940) में एक सहायक भूमिका निभाई, जिसने उन्हें विशेष रूप से फिल्म में स्नान के दृश्य के लिए पहचान दी। इसके बाद उन्होंने चित्रलेखा (1941), शारदा (1942), कानून और विश्वास (1943) सहित कई फिल्मों में अभिनय किया। उनकी अन्य फिल्मों में इस्मत (1944), एक दिन का सुल्तान (1945), साथी (1946) और शमा (1946) शामिल हैं। उन्होंने 1946 में सोहराब मोदी से शादी कर ली। हालांकि, इस शादी से सोहराब मोदी के घरवाले राजी नहीं थे। इसलिए कुछ साल सोहराब मोदी और मेहताब अपने घरवालों से अलग रहे। मोदी ने उन्हें ऐतिहासिक फिल्म झांसी की रानी (1953) में मुख्य भूमिका दी। जो शानदार दृश्यों और भव्य सेट के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। तब 35 वर्षीय मेहताब द्वारा 29 वर्षीय झांसी की रानी के चित्रण को दर्शकों ने ज्यादा पसंद नहीं किया। इस फिल्म में मेहताब के साथ अन्य कलाकारों में रानी के राजगुरु या शाही सलाहकार के रूप में मुबारक, सप्रू, एसबी नयामपल्ली और खुद सोहराब मोदी शामिल थे। फिल्म से जनता की दूरी के बावजूद मेहताब का प्रदर्शन विशेष रूप से उनकी अमर पंक्ति ₹ मैं अपनी झाँसी नहीं दूंगी, मैं झाँसी नहीं छोड़ूंगी₹ की वजह से यादगार बन गया। इसे उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक माना गया। 24 जनवरी 1953 को रिलीज हुई 'झांसी की रानी' को हिंदी सिनेमा की क्लासिक फिल्म माना जाता है। सोहराब मोदी की समय बड़ा बलवान (1969) में एक चरित्र कलाकार के रूप में अपनी अंतिम भूमिका को छोड़कर उन्होंने 1953 के बाद फिल्मों में अभिनय करना बंद कर दिया था। 10 अप्रैल 1997 को मुंबई में उनका निधन हो गया। उन्हें मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में दफन किया गया।

### आज से सोनी टीवी पर नया शो 'हम रहें ना रहें हम'

## बदलाव का विरोध करने वाली इंसानी फितरत की पड़ताल

*सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों के लिए 'हम रहें ना रहें हम' के साथ एक आकर्षक कहानी लेकर आ रहा है, जो समाज के दो अलग-अलग हिस्सों से आने वाली महिलाओं की गहराई से पड़ताल करता है, जो अपनी-अपनी दुनिया में लोगों के लिए प्रेरणा हैं। यह शो दमयंती का सफर दिखाता है, जो रणकगढ़ के शाही बारोट परिवार की सिद्धांतवादी और परंपरावादी मुखिया है, वहीं सुरीली आज़ाद ख्यालों वाली एक ज़िंदादिल लड़की है।*

**मुंबई से लौटकर धीरज मिश्रा**

'हम रहें न रहें हम' बदलाव का विरोध करने की इंसानी फितरत पर ध्यान केंद्रित करता है। बदलाव डर पैदा करता है और आमतौर पर लोग या तो इससे जूझते हैं या इससे दूर भागते हैं। जिंदगी के करीब इस प्रेरणादायक कहानी में किट्टू गिडवानी दमयंती बारोट और टीना दत्ता सुरीली अहलूवालिया का रोल निभा रही हैं और जय भानुशाली शिवेंद्र बारोट के रोल में हैं। स्वास्तिक प्रोडक्शंस के निर्माण में बना 'हम रहें ना रहें हम' पॉपुलर तुर्की ड्रामा 'इस्तानबुल गेलिन' (इस्तानबुल की दुल्हन) का रीमेक है, जो 10 अप्रैल से हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन (सेट) पर प्रसारित होगा।

अपने परिवार की इकलौती कमाने वाली, सुरीली अपनी आलसी चाची पम्मी, अपनी नेकदिल लेकिन गैर-जिम्मेदार बड़ी बहन साशा और 6 साल की भतीजी दीया की जिम्मेदारी उठाती है। उसके मृत माता-पिता उसके लिए विरासत में 'द ग्रामोफोन कैफे' (टीजीसी) छोड़ गए हैं, जो उसकी सबसे कीमती धरोहर है। यह इकलौती ऐसी जगह है, जो उसे अपने मां-बाप की मौजूदगी का एहसास कराती है। सुरीली के लिए, टीजीसी न सिर्फ एक विरासत है,



जो उनके दिल के बेहद करीब है बल्कि उनके और उनके ग्राहकों के लिए खुशी का जरिया भी है। वो अपने छोटे-से औरतों के संसार की रखवाली, पालनहार और उनका गर्व है।

रणकगढ़ की दमयंती देवी के लिए उनकी शाही विरासत और उनके चारों बेटे उनका गौरव और उनकी खुशी हैं, और वो उनकी परंपरा बरकरार रखना चाहती हैं। उनका मानना है कि बड़े महानगरों का प्रभाव हमारी मूल संस्कृति को मिटा देता है और 'छोटे बदलाव परंपराओं से बने महल में तूफान ले आते हैं'। उनका विश्वास और बदलाव के प्रति उनका विरोध अडिग है। और यही कारण है कि उन्होंने अपने चारों बेटों पर कड़ी लगाम लगाई है, जिन्हें उन्होंने अकेले ही पाला, पोसा और प्यार दिया है। उनके पास अपने हर बेटे के लिए एक प्लान है, जिसके तहत बारोट परिवार के सबसे बड़े बेटे शिवेंद्र बारोट को शाही वंश को आगे बढ़ाना है, लेकिन जब उनके मन में सुरीली के प्रति जज़्बात जागेंगे, तो बदलाव तो होकर रहेगा।

अपने बिल्कुल विपरीत तरीकों के बावजूद, इन दोनों महिलाओं की अपनी पारिवारिक परंपराओं को सहेजकर रखने की कोशिश एक जैसी है। अपनी-अपनी राह पर चल रहीं दमयंती अपने परिवार के सम्मान और रीति-रिवाजों को बचाने की कोशिश कर रही है, जबकि ज़माने की रफ्तार के साथ चलने वाली सुरीली अपने मां-बाप की यादों और उनकी विरासत को महफूज़ रखने की कोशिश में अपना सबकुछ दे रही हैं।

### क्या कहते हैं मुख्य किरदार

**जय भानुशाली** : मेरा दर्शकों से यही अनुरोध है कि वे इस सीरियल को एक सप्ताह जरूर देखें,फिर इसके बाद आगे देखने का फैसला करें । क्योंकि मैं इस कहानी से प्रेरित होकर ही 15 साल कोई सीरियल कर रहा हू, आपको जरूर पसंद आएगा

**टीना दत्ता** : मुझे पूरी उम्मीद है कि दर्शकों को यह सीरियल आम सीरियल से हटकर लगेगा । ये एकदम नई कहानी है जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी

**किट्टू गिडवानी** : निश्चित रूप से यह कहानी राजसी परंपरा और वर्तमान पीढ़ी के नजरिए के फर्क को बयां करती है । लंबे समय बाद दर्शकों को कुछ हटकर देखने मिलेगा।

# दिव्यांगों को नया जीवन दे रहा पीआरआरसी सेंटर

**3,740 दिव्यांगों को निःशुल्क दिए 5 हजार से अधिक कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण**

अमन लेखनी समाचार



रायपुर। रायपुर में अत्याधुनिक पुनर्वास केन्द्र (फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेन्टर) हजारों दिव्यांग व्यक्तियों को नया जीवन दे रहा है। इस पुनर्वास केन्द्र में छत्तीसगढ़ के साथ ही आसपास के प्रदेशों से भी लोग कृत्रिम अंग बनवाने आने लगे हैं। पुनर्वास केन्द्र इंटरनेशनल कमिटी ऑफ रेडक्रॉस (आईसीआरसी) के सहयोग से दिव्यांगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग बनाकर देने के साथ उन्हें अंग संचालन और संतुलन की ट्रेनिंग भी दी जाती है।

पुनर्वास केन्द्र में सेरिब्रल पाल्सी (प्रमस्तिष्क घात) से पीड़ित मरीजों के पुनर्वास पर विशेष उपकरण बनाए जाते हैं। ऐसे मरीजों के चलने-फिरने में संतुलन की कमी होती है, उन्हें निःशुल्क व्हील चेयर और सिटिंग चेयर तैयार करके दी जाती है, जिससे मरीज को खाना-खाने, पढ़ने, बैठने में आसानी हो सके। इसके साथ ही ऐसे मरीजों की सुविधा के लिए फिजियोथैरेपी के विशेष उपकरण भी उपलब्ध है, जिनके जरिए मरीजों को एक्सरसाईज के जरिए उपचार किए जाते हैं। इसके अलावा यहां कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर्स और सहायक उपकरण भी मरीजों की जरूरत के हिसाब से बनाकर दिए जाते हैं। अब तक इस केन्द्र के माध्यम से 3 हजार 740 मरीजों को 5 हजार 258 कृत्रिम अंगों और सहायक उपकरणों से लाभान्वित किया जा चुका है। विगत मार्च महीने में 10 जिलों के हितग्राहियों को 32 कृत्रिम उपकरण तैयार कर प्रदान किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत राज्य के दिव्यांग व्यक्तियों को अत्याधुनिक कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदाय करने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा फिजिकल रिफरल रिहैबिलिटेशन सेन्टर की स्थापना की गई है।

# छत्तीसगढ़ की वैभवशाली संस्कृति की है विशिष्ट पहचान : भूपेश बघेल

**108 पोथी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

अमन लेखनी समाचार




रायपुर। मुख्यमंत्री बघेल मंगलवार को रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इण्डोर स्टेडियम में अयोजित 108 पोथी श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शामिल हुए और पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कथास्थल में व्यासपीठ पर विराजमान रमेशभाई ओझा को शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री बघेल इस दौरान दर्शकदीर्घा में बैठकर कथा का श्रवण भी किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा से ज्ञान, भक्ति और कर्म की शिक्षा के साथ असीम आनंद की अनुभूति होती है, जो हमारे जीवन को संवारने में अहम् होता है। उन्होंने राजधानी में 9 अप्रैल से 15 अप्रैल तक गुजराती समाज, रायपुर द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों से समृद्ध है, जो इसके वैभवशाली संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में ह्यआरंगह्व एक ऐसी जगह है, जहां भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम दोनों ही पधारे थे। हमारी सरकार द्वारा राज्य के ऐसे सभी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस कड़ी में राम वन गमन पर्यटन परिपथ का भी निर्माण किया जा रहा है। जिसमें भगवान राम के प्रति स्थानीय लोगों की भावनाओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजा जा रहा है। इसके तहत राज्य में हर उस जगह को चिन्हित किया गया है, जहां से वनवास के दौरान भगवान राम गुजरे थे।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान राज्य में विकसित हो रहे ह्यकृष्ण कुंजह्व के बारे में भी अवगत कराया। इसके तहत समस्त नगरीय निकायों को चिन्हाकित किया गया है। जिसमें धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के वृक्षों का रोपण शहरों की हरियाली में वृद्धि और स्वच्छ वातावरण के लिए किया जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, महापौर एजाज ढेबर, गुजराती समाज के लोग तथा श्रद्धालुगण उपस्थित थे।


# तीन सिंचाई परियोजनाओं के लिए 20.10 करोड़ स्वीकृत

अमन लेखनी समाचार

रायपुर। राज्य शासन द्वारा मुंगेली, जांजगीर-चांपा और राजनांदगांव जिले की तीन सिंचाई परियोजनाओं में नहर लाईनिंग, बांध मरम्मत और नहर निर्माण कार्य के लिए 20 करोड़ 10 लाख 55 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सिंचाई परियोजना के स्वीकृत कार्यों में से राज्य शासन द्वारा मुंगेली जिले के मनियारी जलाशय योजना के डी-2 की खपरी वितरक नहर के शून्य से 17 किलोमीटर अंतिम छोर के बीच शेष बचे सीसी लाईनिंग कार्य, पुराने पक्के कार्य के पुनरोद्धार एवं नवीन पक्के कार्य के निर्माण के लिए 15 करोड़ 33 लाख 81 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना की रूपांकित सिंचाई क्षमता खरीफ में 3669 हेक्टेयर है, जिसमें से वर्तमान में 1059 हेक्टेयर में सिंचाई नहीं हो पा रही है। राज्य शासन द्वारा स्वीकृत कार्य पूर्ण होने पर इस योजना से रूपांकित सिंचाई क्षमता से अधिक 3826.12 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। जल संसाधन विभाग के बिलासपुर के मुख्य अभियंता हसदेव कछार को निर्माण कार्य समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह राज्य शासन द्वारा जांजगीर-चांपा जिले के हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत पोता से मालखरौदा होते हुए बड़े सीपत तक नगर के दांयी नहर का निर्माण कार्य हेतु 3 करोड़ 15 लाख 46 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस कार्य के पूर्ण होने से योजना से सिंचाई में हो रही 370 हेक्टेयर क्षेत्र में कमी की पूर्ति हो सकेगी और पूर्ण रूपांकित क्षमता के अनुसार 440 हेक्टेयर में सिंचाई होगी। जल संसाधन विभाग के बिलासपुर के मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना के मुख्य अभियंता को समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता और मितव्ययता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड डोंगरगांव की बनभेड़ी जलाशय बांध मरम्मत एवं नगर लाईनिंग कार्य के लिए राज्य शासन द्वारा 01 करोड़ 61 लाख 28 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# सीएम बघेल का बस्तर दौरा 13 को, 129 करोड़ के कार्यों का करेंगे लोकार्पण व भूमिपूजन

अमन लेखनी समाचार



रायपुर। मुख्यमंत्री बघेल अपने 13 अप्रैल को बस्तर जिले में प्रवास के दौरान लगभग 129 करोड़ के 49 विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे। इसमें 62 करोड़ 29 लाख 47 हजार के 15 विकास कार्यों का लोकार्पण और 66 करोड़ 70 लाख से अधिक राशि के 34 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

जिला मुख्यालय जगदलपुर के लालबाग परेड ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल चित्रकोट जलप्रपात में लाईट एवं साउण्ड शो का भी भूमिपूजन करेंगे। लाईट एवं साउण्ड शो के लिए 9 करोड़ रूपए की राशि मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री जिन नए 15 कार्यों का लोकार्पण करेंगे इनमें मुख्य रूप से बस्तर जिले विभिन्न स्थानों पर 61 करोड़ 61 लाख रूपए की लागत से 12 नए सड़कों तथा बामनपारा से रंधारीरासपारा में स्लेब कलवर्ट और जिला मुख्यालय के समीप धान खरीदी केन्द्र सरगीपाल और सोनारपाल में 26 लाख रूपए की लागत से 500 मैट्रिक क्षमता के गोदाम सह चबुतरा शामिल है।

मुख्यमंत्री 34 नए कार्यों का भूमिपूजन करेंगे उनमें 12 करोड़ 44 लाख रूपए की लागत से धनपूंजी से टिकरीपदर तिरिया (जगदलपुर), बारदा से बेलपुटी (बकावण्ड), गनुपर-जाटनपाल-गुटीगुड़ा पारा (बस्तर), मार्ग पर पुल-पुलिया निर्माण, 18 करोड़ 51 लाख रूपए की लागत से 6 सड़कों, 87 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से जगदलपुर, करपावण्ड, लोहण्डीगुड़ा, बास्तानार, बस्तर, तोकापाल, दरभा छात्रावास में 16 अतिरिक्त कक्ष और नगर पंचायत बस्तर, करंदोला, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन शामिल है। इसी प्रकार समभनपुरी में अनुसूचित जनजाति कन्या क्रीडा परिसर भवन, 1 करोड़ 58 लाख रूपए की लागत से लोहंडीगुडा, टाकरागुड़ा और उसड़ीबेड़ा और धुरागांव बड़ाजी में उद्वहन सिंचाई योजना का भूमिपूजन शामिल है। इसके अलावा 15 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से बड़ेबादाम, छोटेबादाम, शासनकचोरा, अटपहरी सेमरा, बास्तानार बड़ेकिलेपाल-01, 02 एवं 03 में एकल ग्राम नल-जल प्रदाय योजना और मंगनपुर में रेट्रोफिटिंग नल-जल प्रदाय योजना, जगदलपुर के सिटी ग्राउण्ड में चारदीवारी ग्रील एवं सम्पवेल निर्माण कार्य का भूमिपूजन होगा।

## उधार लेने वाली वकील ने दर्ज कराया झूठा केस, महिला आयोग को भी बदनाम किया

रायपुर। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य डॉ. अनिता रावटे एवं अर्चना उपाध्याय ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग कार्यालय रायपुर मे महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक की अध्यक्षता में आज 167 वीं जन सुनवाई हुई। रायपुर की आज की जनसुनवाई में कुल 33 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये थे। एक प्रकरण में आवेदिका ने अनावेदक गणों के ऊपर उधार पैसे मांगने के नाम पर परेशान करने का प्रकरण दर्ज कराया गया था।

## बजाज इलेक्ट्रिकल्स वेयरहाउस से चार लाख रुपए कीमत के कूलर पंखे चोरी

बंथरा लखनऊ। बंथरा के किशुनपुर कौड़िया स्थित बजाज इलेक्ट्रिकल्स वेयरहाउस के अशोक सचान ने वेयरहाउस के गनमैन शरद चंद्र पांडेय और गार्ड संजय कुमार पर करीब चार लाख रुपए कीमत के कूलर पंखे चोरी छुपे वेयरहाउस से निकलवाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। अशोक सचान के मुताबिक वह बंथरा के किशनपुर कौड़िया में एवन स्टार लॉजिस्टिक कंपनी की तरफ से बजाज इलेक्ट्रिकल्स कंपनी की वेयरहाउसिंग करते हैं। अशोक का कहना है कि वेयरहाउस की सिक्योरिटी की जिम्मेदारी पैराग्रीन गार्डिंग प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है। उनका कहना है कि बीती 7 अप्रैल की रात गनमैन शरदचंद पांडेय और गार्ड संजय कुमार की मौजूदगी में वेयरहाउस के पिछले दरवाजे से सेंधमारी कर 3 लाख 91 हजार 47 रुपए कीमत के कूलर पंखे निकाल दिए गए। फिलहाल बंथरा पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण व सम्मानजनक मातृत्व स्वास्थ्य जरूरी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक महिला को अपनी गर्भावस्था में जहाँ गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की आवश्यकता होती हैं, वहीं सम्मानजनक और सकारात्मक व्यवहार उसका अधिकार है। हालांकि वर्तमान में परिस्थिति इसके विपरीत है अक्सर देखा गया है कि महिलाओं को गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान या प्रसव पश्चात मातृत्व देखभाल सेवाओं में अनुचित व्यवहार का सामना करना पड़ता है इसमें उनके साथ भेदभाव, गलत तरीके से बात, निजता का हनन आदि शामिल है जो कि महिलाओं के लिए एक बुरा अनुभव बनकर रह जाता है।

क्वीन मैरी अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की हेड डॉ. एस पी जैसवार बताती हैं कि सम्मानजनक व्यवहार के लिए जरुरी है कि वन टू वन प्रणाली को अपनाया जाये ऐसी सुविधा होनी चाहिए कि गर्भवती जब भी केंद्र पर आये तो उसके साथ एक स्वास्थ्यकर्मी या उसकी परिचित महिला पूरे समय रह सके लेकिन अत्यधिक भीड़ और अत्यधिक कार्य भार होने के चक्कर में यह संभव नहीं होता है हालाँकि गर्भवती को प्रसव के समय एक महिला साथी या पति को साथ में ले जाने का प्रावधान है ऐसे में हमारा पूरा ध्यान होता है कि महिला को सुविधा मिल सके हम लोग फुल मैटरनिटी केयर यानि हर एक गर्भवती महिला को सम्मानजनक देखभाल दी जाये, इसपर जोर दे रहे हैं इसके लिए प्रशिक्षण सत्र भी समय समय पर चलाये जाते हैं लेकिन यह सिर्फ डॉक्टर तक की बात नहीं है, जिसमें सभी स्टाफ की भागीदारी होती है अगर सभी लोग सम्मानजनक व्यवहार के कांसेप्ट को समझ ले तो इसको प्रैक्टिस में लाना आसान हो जायेगा ज्ञात हो कि मातृत्व स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं जैसे हर माह की 9 और 24 तारीख को क्रमशः प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस और क्लिनिक दिवस मनाया जाता है जिसमें गर्भवतियों की सम्पूर्ण जाँचकर, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था को चिन्हित किया जाता है, और गर्भवतियों को उचित सलाह दी जाती है प्रसव पूर्व जाँच के माध्यम से ही प्रसव सम्बन्धी जटिलताओं का पता लगाकर उनका समय पर निस्तारण किया जा सकता है इन्हीं प्रयासों का परिणाम हैं कि प्रदेश गत वर्षों में मातृ मृत्यु को कम करने में सफल हुआ है गर्भवती को सम्मान और गरिमा के साथ उचित देखभाल देना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सुरक्षित मातृत्व आश्वाशन (सुमन) कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्यों में से एक है

## बर्थ कम्पेनियन हो सकते हैं मददगार :

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वर्ष 2002 में बर्थ कम्पेनियन को मातृ एवं शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए बहुत जरूरी माना था। इसके बाद दुनिया भर में यह पाया गया कि बर्थ कम्पेनियन की मौजूदगी गर्भवती महिला के प्रसव के समय या पश्चात उनके स्वास्थ्य में सकारात्मक मदद करती हैं, जिससे उनके हार्मोन्स सुचारु रूप से चलते हैं। इस प्रयोग से देखा गया हैं कि प्रसव का समय कम हो जाता हैं और नॉर्मल प्रसव करने की ज्यादा संभावनाएं रहती हैं। इसी के साथ यदि प्रसूताओं के साथ उचित व्यवहार किया जाएगा तो एक तनाव मुक्त वातावरण के साथ ही वह अपना अगला प्रसव संस्थान में ही कराएंगी। इसी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने वर्ष 2018 में प्रसव के समय किसी महिला सहयोगी या पति (यदि कक्ष की निजता बरकरार रहे) को साथ में रहना अनिवार्य कर दिया इसी संदर्भ मे इंटरनेशनल जनरल ऑफ हेल्थ एंड साइंस रिसर्च में 2022 में प्रकाशित एक शोधै प्रेवलेंस ऑफ डिसरेस्पेक्ट एंड एब्यूज एंड इट्स डीटरमिनंट्स डियुरिंग एंटीनेटल केयर सर्विसेज इन रूरल उत्तर प्रदेश के अनुसार ग्रामीण उत्तरप्रदेश में लगभग 60 प्रतिशत महिलाओं ने प्रसव पूर्व जाँच (एएनसी) के दौरान अपमान और अनुचित व्यवहार का सामना किया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन सप्ताह से अधिकारी नदारद

अमन लेखनी समाचार/इदरीश खान

बंथरा, लखनऊ। सरोजनीनगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरौनी में पिछले 3 वर्षों से बंद पड़े प्रसव वार्ड को पुनः चालू कराने के लिए भले ही ग्रामीणों की शिकायत पर बीती 16 मार्च को 3 स्टाफ नर्सों का हरौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थानांतरण कर दिया गया। लेकिन 3 सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी तीनों स्टाफ नर्स हरौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से नदारद हैं। इसकी वजह से अभी तक प्रसव वार्ड नहीं चालू हो सका। इसको लेकर ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति काफी नाराजगी है। बताते चलें कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरौनी का प्रसव वार्ड पिछले 3 वर्षों से बंद पड़ा है। जबकि यहां करीब 40 गांवों की आशा बहुओं के माध्यम से महिलाओं को प्रसव सुविधा उपलब्ध हो रही थी। हालाकि इसको लेकर लतीफ नगर के ग्राम प्रधान द्वारा बीती 7 नवंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरौनी में प्रसव केंद्र की सुविधा पुनः चालू कराए जाने के लिए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह से मांग की गई थी। जिसके बाद हरौनी निवासी संदीप कुमार के पत्र पर विधायक राजेश्वर सिंह ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र देकर उसे पुनः चालू करने को कहा गया था। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के इस पत्र के बाद सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा 16 मार्च 2023 को स्टाफ नर्स (संविदा) कुमारी प्रभा, संध्या देवी और प्रियंका राय का हरौनी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थानांतरण किया गया।

## मोहनलालगंज तहसील में आज से मिलेगे अध्यक्ष व सभासद पदो के नामाकंन पत्र

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज,गोसाईगंज,नगराम, अमेठी नगर पंचायतों में अध्यक्ष व सभासद पदो पर चुनाव के लिये लेकर प्रशासन ने तैयारिया पुरी कर ली है. मोहनलालगंज तहसील मुख्यालय पर चारो नगर पंचायतों के अध्यक्ष व सभासद पदो के नामाकंन पत्रो की ब्रिकी के लिये आठ काउंटर बनाये गये है।गोसाईगंज व अमेठी नगर पंचायतो के अध्यक्षो व सभासदो के नामाकंन पत्र क्रय व जमा करने के लिये दो-दो काउंटर तहसील भवन के ग्राउंड फ्लोर व मोहनलालगंज व नगराम नगर पंचायतों के अध्यक्ष व सभासदो के पदो पर नामाकंन पत्रो के क्रय व जमा करने के लिये प्रथम तल पर दो-दो काउंटर बनाये गये है।

# 22 लाख 50 हजार हड़पने की डीसीपी से की शिकायत, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

लखनऊ। आलमबाग के पूरन नगर निवासी अजीत कुमार वर्मा ने सरोजनीनगर के अमौसी निवासी उदय राज के खिलाफ धारा 80 भू राजस्व अधिनियम के तहत जमीन का प्रयोजन बदलवा करा आवासीय करवाने के बाद सूचना देकर उसके नाम बैनामा करने का झांसा देकर 22 लाख 50 हजार रुपए हड़पने की डीसीपी दक्षिणी से शिकायत की है। डीसीपी के आदेश पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। अजीत कुमार वर्मा का कहना है कि उदय राज ने उससे 20 लाख रुपए लेकर अपनी भूमि गाटा संख्या 2510, रकबा 0.1755 हेक्टेयर का 14 नवंबर 2018 को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट किया था। अजीत का कहना है कि चूंकि उदय राज अनुसूचित जाति का है, इस वजह से उसने अनुबंध पत्र में खुद शर्त लिखवाई थी कि राज्य सरकार से धारा 80 भू राजस्व अधिनियम के तहत जमीन का प्रयोजन बदलवाते हुए उसे आवासीय करवाकर अजीत को लिखित सूचना देगा और उसके बाद 2 वर्ष के अंदर अजीत के नाम बैनामा कर देगा। लेकिन आरोप है कि कई बार पूछने के बाद भी उदय राज ने भूमि प्रयोजन बदलने के संबंध में स्पष्ट नहीं बताया। बल्कि बीच में ढाई लाख रुपए अजीत से ले लिए और पुनः प्रयोजन बदलवा कर सूचना देने की बात कही। लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी उसने भूमि प्रयोजन बदलने की सूचना नहीं दी। बल्कि अजीत को बिना बताए काफी पहले ही भूमि प्रयोजन का बदलाव करा लिया। इसके बाद तथ्यों को छुपाते हुए कूट रचना करके 8 जुलाई 21 और 21 अक्टूबर 22 को गैर कानूनी ढंग से अन्य व्यक्तियों के नाम चार बैनामे करा दिए। पीड़ित अजीत के मुताबिक जब उसे इसकी जानकारी हुई तो उसने आरोपी से शेष रकम साढ़े 7 लाख रुपये देकर अपने हक में बैनामा करने की बात कही।

# अग्निकांड पीड़ित किसानो के साथ धरने पर बैठे भाकियू नेता

**एसडीएम व अधिशासी अभियंता ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित किसानो को तत्काल मुआवजा दिलाये जाने सहित जर्जर लाइन के तार व इंसुलेटर बदलने का दिया आश्वासन, धरना हुआ समाप्त**

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के गनियार गांव में हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर खेतो में गिर गया था जिसके चलते ढाई दर्जन किसानो की 28बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी थी।पीड़ित किसानो ने बिजली विभाग के स्थानीय अफसरो पर लापरवाही का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराये जाने की मांग की थी ओर कार्यवाही ना होने पर मौके पर धरना प्रदर्शन की बात कही थी।सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम वर्मा की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओ ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित किसानो के साथ आग लगने से जले खेतो में धरने पर बैठ गये ओर तत्काल मुआवजा दिलाये जाने समेत बिजली विभाग के लापरवाह अफसरो पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग पर अड़ गये।भाकियू नेताओ द्वारा धरना प्रदर्शन की सूचना पाकर उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य व अधिशासी अभिंयता विशाल कुमार त्रिपाठी के साथ मौके पर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम वर्मा से वार्ता कर तत्काल प्रति बीघा 12कुन्तल गेहूं व अतिरिक्त भूसे का भुगतान पीड़ित किसानो को देने का आश्वासन दिया।वही मौके पर मौजूद अधिशासी अभियन्ता विशाल कुमार त्रिपाठी ने कहा जिस जर्जर लाइन की वजह से किसानो की फसले जली है उनके तार,इंसुलेटर ,10दिनो के अंदर बदलने की बात कही.तब जाकर मौके पर मौजूद किसानो का आक्रोश शांत हुआ।जिसके बाद भाकियू नेताओ ने आमसहमति के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

# पति ने अपनी पत्नी के ऊपर धोखाधड़ी करके शादी करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार/रेहान खान

लखनऊ। मूल रूप से आशियाना के सेक्टर - एच कॉलोनी निवासी व स्थाई रूप से बिजनौर के ओमेक्स सिटी निवासी शिवशंकर तिवारी ने अपनी पत्नी अंकिता शुक्ला ऊर्फ रूबी के ऊपर धोखाधड़ी करके शादी करने का आरोप लगाया है। शिव शंकर का आरोप है कि शादी के बाद उसकी पत्नी और परिवार वाले 50 लाख रुपए और लग्जरी मकान की मांग करने के साथ ही तरह-तरह से प्रताड़ित कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। फिलहाल बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। शिव शंकर तिवारी का कहना है कि बीती 22 नवंबर 2022 को उसकी शादी अंकिता शुक्ला उर्फ रूबी के साथ हुई थी। उसके बाद से पत्नी अंकिता उस पर दबाव बनाकर बैंक डिटेल और व्यवसाय प्रॉपर्टी आदि की डिटेल मांगती रहती है। साथ ही आरोप है कि ना बताने पर पीड़ित व उसकी पूर्व पत्नी के बच्चों को झूठे दहेज मामले के अलावा अन्य अपराधिक मुकदमों में फंसाने की धमकी देती है। शिव शंकर का आरोप है कि अंकिता कई बार छोटी-छोटी बातों को लेकर लड़ाई झगड़ा करने के साथ ही आत्महत्या कर लेने की धमकी देती रहती है। शिव शंकर का आरोप है कि जानकारी करने पर पता चला कि अंकिता का विवाह पूर्व में सिद्धार्थ त्रिपाठी नामक व्यक्ति से हुआ था। जिससे अभी तक उसकी तलाक भी नहीं हुई। लेकिन सारे तथ्यों को छुपाकर अंकिता ने उसके साथ छल कपट कर धोखे से प्रॉपर्टी हड़पने की नीयत से उसके साथ शादी कर ली। बाद में पीड़ित द्वारा उसकी बात ना मानने पर उसके खिलाफ महाराजगंज जिले के सोनौली थाने में फर्जी तरीके से मुकदमे भी दर्ज करा दिए।

## जिले के समस्त सेजस में प्रवेश प्रारंभ

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में पूर्व से संचालित 10 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों व 01 हिन्दी माध्यम विद्यालय तथा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रारंभ होने वाले नवीन 06 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रवेश लेने वाले छात्र ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र जमा कर सकते है। स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में एडमिशन हेतु सेजेस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ कर दी गयी है। एडमिशन हेतु प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 05 अप्रैल तक, अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन, 05 मई से 10 मई तक तथा एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही, 11 मई से 15 मई तक किया जाना है। विद्यालयों की सूची इस प्रकार है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय भैयाथान हेतु भैयाथान, बतरा, सूरजपुर हेतु जयनगर, नवापारा, विश्रामपुर हिन्दी माध्यम, रामानुजनगर हेतु भुनेश्वरपुर, प्रेमनगर हेतु प्रेमनगर, प्रतापपुर हेतु प्रतापपुर, डांडकरवां, ओड़गी हेतु ओड़गी एवं बिहारपुर तथा शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय रामानुजनगर, नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय बसदेई, नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय चेन्द्रा, नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय केतका, नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय जरही, नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय उमेश्वरपुर विद्यालयों की सूची दी गई है।

### सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था व डाक्टरो की मनमानी पर

# अंकुश लगाने में नाकाम जिला प्रशासन

### खुलेआम निजी प्रेक्टिस कर जिला अस्पताल के डाक्टर उड़ा रहे नियमो की धज्जियां

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** एक निजी नर्सिंग होम में हालिया में जच्चा बच्चा मौत के बाद यह सवाल मुँह बाय खड़ा है कि क्या सरकारी अस्पताल दिखावे के लिए है। सरकारी अस्पतालों को लेकर दावे तो बड़े बड़े किये जाते है पर अगर प्रसव तक की मुक़म्मल व्यवस्था न हो तो फिर दावे के सम्बंध में अंदाज लगा सकते है। लेकिन, इसमें सरकार की नियत का सवाल नही है, नियत जिला प्रशासन व अस्पताल प्रबंधन का है।जो सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था व वहाँ पदस्थ डाक्टरो की मनमानी पर अंकुश लगाने में या तो नाकाम है या उनके सामने नतमस्तक है।यही वजह है कि सरकारी डाक्टरों के निजी प्रैक्टिस पर रोक नहीं लग पा रही है।जिला अस्पताल के डाक्टर खुलेआम निजी प्रेक्टिस कर नियमो की धज्जियां उड़ा रहे है।शासन के नियमानुसार ड्यूटी के अवधि को छोड़कर डाक्टर तीन घंटे प्रेक्टिस कर सकते है। इसकी मानिटरिंग स्वास्थ्य विभाग द्वारा नहीं की जा रही है।नियम यह कहता है कि क्लीनिक के बाहर उपस्थिति का समय और बीमारियों के उपचार के लिए निर्धारित शुल्क की जानकारी प्रदर्शित करना अनिवार्य है। इतना ही नहीं मरीजों को शुल्क की रसीद भी देना होगा।सरकारी डाक्टरो को निजी प्रेक्टिस के सम्बंध में आवासीय भत्ता व पात्रता के बाबत जारी आदेश में स्पष्ठ है कि जो डाक्टर प्रेक्टिस नही करते वही इस भत्ता के हकदार होंगे। पर यहां ऐसा नही है।निजी प्रेक्टिस करने वाले डॉक्टर अधिकतम तीन घण्टे प्रतिदिन ओर अवकाश के दिन पांच घण्टे प्रेक्टिस कर सकते है।सरकारी अस्पताल में आये मरीजो को को अपने क्लिनिक भेजने या शुल्क लिए जाने पर आचरण नियम के तहत निहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई का विधान है।यहां रोज ऐसा होता है सरकारी डाक्टर हांका मार कर घर मे इलाज कर पैसा ऐंठ रहे है कई बार शिकायत सामने आई पर कार्रवाई जीरो है।इस पर न जिला प्रशासन को सुध है और न अस्पताल प्रबंधन को ! अभी हाल का मामला भी कमोवेश इसी तरह का है पर जांच के नाम पर फिर लीपापोती की जा रही है। नियम यह भी कहता है कि निजी प्रेक्टिस करने वाले डॉक्टर एक डायरी मेंटेन करेंगे जिसमे मरीजो के उपचार की जानकारी,बीमारी के साथ उपचार व लिए गए शुल्क का विवरण होगा।इसके अलावे अपने क्लिनिक के बाहर बीमारियों का शुल्क जानकारी प्रदर्शित करना जरूरी है। पर किसी क्लीनिक के सामने ऐसा नही है।




**आज नही हुई कार्रवाई**

इन नियमो के बावजूद आज तक एक भी ऐसा मामला सामने नही आया है जिसमे इन नियमो के तहत कार्रवाई हुई हो।अब ऐसा तो नही है कि इन नियमो से अधिकारी वाकिफ न हो पर मिली भगत हो तो फिर नियमो की धज्जियां उड़ना लाजिमी है।

**प्रशासकीय पद और नियम**

नियम तो यह भी है जो अधिकारी प्रशासकीय पद पर हो वे प्रेक्टिस नही कर सकते पर इस नियम की भी धज्जियां उड़ रही है।

**निजी नर्सिंग होम की जांच कब तक..?**

तिलसिंवा के निजी नर्सिंग होम में पिछले दिनों जच्चा बच्चा मौत मामले में न तो अब तक जांच पुरी हुई है और न एफआईआर हुआ है।जांच कब पूरी होगी यह सवाल बना हुआ है।मामला ठंडा होने तक या बस खानापूर्ति.....?

जबकि जिस डाक्टर का यह मामला है उनके खिलाफ पूर्व में भी ऐसी शिकायते हुई है लेकिन कार्रवाई न होने का यह परिणाम है।

**कार्रवाई की हुई है अनुसंसा**

सीएचएमओ डॉ आर एस सिंह बताते है कि मामले में कार्रवाई की अनुसंसा कर भेजा गया है।नियमो की भी जांच होगी जो नियम विरुद्ध पाए जाएंगे उन पर यथासंभव कार्रवाई की जाएगी।

## विरानपुर हत्याकांड के विरोध में भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री व गृहमंत्री पुतला



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** बेमेतरा जिले के साजा विरानपुर में हुए भुनेश्वर साहू की हत्या के मामले को लेकर मंगलवार को भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र भारती के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का अग्रसेन चौक पर पुतला दहन किया गया। पुतला फूंकने के दौरान पुलिस प्रशासन और आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ता के बीच जमकर झूमा झपटी हुई। भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री भारती ने प्रदेश सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा छत्तीसगढ़ प्रदेश का बेटा भुनेश्वर साहू की हत्या जिस प्रकार से पत्थरबाजी और आतंक का उदाहरण बना है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल ने आतंकी संरक्षण जारी रखा है गुंडागर्दी चरम सीमा पर है। मृतक के परिवार से मिलने जा रहे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के साथ पूरी टीम को 3 किलोमीटर पहले ही पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। सांत्वना देने और दुख में शामिल होने जा रहे भाजपा के कार्यकर्ताओं के गिरफ्तारी और भूपेश बघेल के आतंकी संरक्षण के विरोध में जिला मुख्यालय में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा पुतला दहन किया गया। प्रदेश सरकार की स्थिति निरंतर ऐसी रहती है तो प्रदेश भर का युवा जागृत है और आने वाले समय में इनकी कुर्सी को उखाड़ फेंकने को तैयार है जिला

**जमकर किया विरोध प्रदर्शन**

अध्यक्ष ने भूपेश बघेल के खिलाफ मोर्चा खोलने का आग्रह किया है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा सांसद प्रतिनिधि शशिकांत गर्ग भाजयुमो जिला प्रभारी लवकेश पैकरा, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शांति सिंह सुमन सिंह युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकरण साहू मनी बग्गा लीलू गुप्ता रमेश गुप्ता दुर्गा गुप्ता यशवंत प्रताप सिंह सुमित साहू संत लाल प्रजापति अभय तिवारी विक्की सोनवानी सुंदरलाल सिंह सरोज साहू अनीता मिश्रा किशन देवांगन संस्कार अग्रवाल राकेश महाराज ज्ञान प्रकाश दुबे राजेश पैकरा दौलत प्रताप सिंह हरिनारायण यादव पिंटू बिनकर सत्यम विश्वकर्मा प्रदीप साहू सुरेश सोनी जीतू मानिकपुरी सुरजीत कुमार मनीष यादव आकाश मानिकपुरी सुखदेव यादव गणेश राजवाड़े शिवकुमार संजय सोंनपाकर पवन वर्मन शांतनु सिंह चौहान अर्जुन राजवाड़े गोलू बग्गा सनी मिश्रा देवीदयाल अवनीश सिंह स्वामी सुनील साहू लक्ष्मीकांत अजय साहू राजेश मुकेश सुरेंद्र प्यारे साहू पंकज सोनी मयंक तिवारी नितिन सोनी रोहित कसेरा विकास साहू अमित गुप्ता यश ठाकुर जीतन देवांगन मोहन देवांगन तिलक राजवाड़ेशानू साहू,विपिन साहू, गुप्तेश्वर साहू राहुल थंकन् रितेश शर्मा निखिल साहू धीरज राजवाड़े कान्हा ठाकुर राजवाड़े कुमार सौरभ साहू उजाला ठाकुर डीकेश प्रजापति कमलेश प्रजापति सत्यम सोनी कन्या कुमारी कौशल्या सिंह सुनीता साहू राजू शर्मा रुपेंद्र कुशवाहा चंदन विश्वकर्मा विक्की चक्रधारी बसन्त भुनेश्वर विकाश साहू सागर रविंद्र राकेश साहू समेत सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवनिहालों को मिलेगी बेहतर शिक्षा : केके

### किड्जी स्कूल का हुआ शुभारंभ



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नगर के नौनिहालों को बेहतर से बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से ज़ी टीवी ग्रुप के शैक्षणिक संस्थान का शुभारंभ नगर के नेहरू पार्क रोड में नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, अग्रवाल सभा सूरजपुर के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल एवं अग्रवाल महिला मंडल सूरजपुर की अध्यक्ष विजया गर्ग की उपस्थिति में किड्जी शैक्षणिक संस्थान का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि ज़ी टीवी ग्रुप द्वारा संचालित किड्जी विद्यालय की सौगात सूरजपुर के लिए वरदान साबित होगी इस विद्यालय के खुलने से नन्हे-मुन्ने बच्चों को बेहतर माहौल में बेहतर शिक्षा मिलेगी और आधुनिक शिक्षा के लिए अब नगर वासियों को बाहर भेजना नहीं पड़ेगा..भारत के 750 से अधिक शहरों में 2000 से अधिक प्री-स्कूलों के साथ एशिया की नंबर 1 श्रृंखला है। प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा और देश में मानकीकृत प्री-स्कूलिंग में अपनी मालिकाना शिक्षाशास्त्र - इंटरएक्टिव के ??तहत अग्रणी है। 2003 में अपनी स्थापना के बाद से अब तक 10,00,000 से अधिक बच्चों के जीवन को छुआ है।

इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, ओंकार सिंह, उमेश अग्रवाल, हरिदास अग्रवाल, प्रवेश गोयल, संगीता अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मुकेश गर्ग, प्रवीण सिंह, पवन अग्रवाल, नैतिक अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, कालीचरण अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, ममता अग्रवाल, राहुल अग्रवाल टिंकू, आकाश अग्रवाल. रितेश अग्रवाल गोलू, रामनिवास जैन, विजय लूनिया, विकास अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, बच्चों एवं अभिभावकों ने हिस्सा लिया।

## गोबर पेंट से होगी जिले के शासकीय भवनों की पुताई, कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा कर लंबित प्रकरणों के निराकरण और निराकृत हो चुके प्रकरणों को टीएल सूची से विलोपित कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवेदनों के सत्यापन के लिए गठित भौतिक सत्यापन दल को प्रतिदिन आवेदनों का सत्यापन करने के निर्देश देते हुए ऑनलाइन भरे जा रहे आवेदनों का भौतिक सत्यापन भी अवश्य करने के निर्देश दिये। दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेज प्रमाण पत्र का मिलान करते हुए पात्र अपात्र की भी जांच करें। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदक के पात्र होने पर बैंक से नाम और खाता संख्या सत्यापित होने के बाद उन्हें आदेश पत्र जारी करने और पोर्टल में दर्ज कराने को कहा। इसके साथ ही बेरोजगारी भत्ता हेतु अपात्र आवेदकों को सूचना देने भी कहा। उन्होंने लीड जिला प्रबंधक को आवेदकों बैंक के खातों में आ रही विसंगतियों को सुधार कर जानकारी उपलब्ध कराये। जिससे योजना का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों दिलाया जा सके। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजना के तहत पानी टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तार, सोलर पंप स्थापना आदि के प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग, पीएचई विभाग तथा राजस्व विभाग को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्ढों का समतलीकरण शीघ्र पूर्ण करें। भूमिहीन न्याय योजना अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों से प्राप्त आवेदनों की जांच करने तथा आवेदकों की पात्रता का परीक्षण करने कहा साथ ही विशेष कर बैगा, गुनिया, पंडो जनजाति के लोगों के आवेदनों का परीक्षण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये। नगरीय क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से सर्वे की जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने हेतु योजना बनाकर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। उन्होंने 14 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले ग्राम सभाओं के लिए विभिन्न विभागों से कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव में शामिल करने के निर्देश दिये।



**जिपं सीईओ ने वन अधिकारी पत्र की ली जानकारी**

साप्ताहिक समय सीमा की बैठक प्रारंभ होने के पूर्व जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने वन अधिकार पत्र वितरित किये गये ग्रामों में से चयनित आदर्श ग्राम में राजीव गांधी भूमिहिन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिलने वाले ग्रामों की ब्लॉकवार समीक्षा की। जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में एक आदर्श ग्राम का चयन किया गया है। भैयाथान में बुंदिया, ओड़गी में जाज, प्रतापपुर में खडगवांकला, प्रेमनगर में तारा, रामानुजनगर में बरबसपुर तथा सूरजपुर में सोनवाही। जिला सीईओ ने सभी आदर्श ग्रामों की जानकारी लेते हुए नगरीय क्षेत्रों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली तथा समय सीमा में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय स्कूल एवं नवनिर्मित शासकीय भवनों की पुताई के लिए गोबर पेंट का ही प्रयोग करना है। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपनी मांग पत्र भेजने कहा ताकि गोबर पेंट की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा ने विभिन्न विभागों से मतदान भवनों के सत्यापन की जानकारी लेते हुए अप्राप्त दस्तावेजों के बारे में बताया साथ ही उन्होंने मतदान भवन के परिवर्तन के प्रस्ताव अगर होंगे तो उसके संबंधित विभाग का उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सुश्री आरा ने जाति प्रमाण पत्र, श्रमिक पंजीयन के प्रगति की जानकारी ली तथा शत प्रतिशत श्रमिक पंजीयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन चैपाल, कलेक्टर ने शिकायत शाखा, जन शिकायत एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर करने निर्देश दिए।बैठक में वन मण्डलाधिकारी संजय यादव, संयुक्त कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, डॉ. प्रियंका वर्मा, एसडीएम रवि सिंह, श्री उत्तम रजक, श्रीमती दीपिका नेताम, एसपी कार्यालय धर्मानंद शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर नंद जी पांडे, समस्त जनपद सीईओ सहित विभाग के समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## बेरोजगारी भत्ता हेतु आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ, जिले के शिक्षित बेरोजगार युवा ले सकते हैं योजना का लाभ

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के परिपालन में जिले में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता 01 अप्रैल 2023 से प्रारंभ की गई है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के शिक्षित बेरोजगार युवा इस योजना का लाभ लेने के लिए शासन की वेब पोर्टल इमतवरहंतपईींजजंण्बहण्दपबण्पद पर जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। वेब पोर्टल पर आवेदन किये जाने के उपरांत आवेदक को विभाग द्वारा सत्यापन स्थल एवं तिथि/समय की सूचना स्स्ब/दूरभाष के माध्यम से दी जाएगी।

इसके उपरांत निर्धारित कलस्टर समितियों द्वारा उक्त आवेदनकर्ता के दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। कलस्टर समितियों द्वारा सत्यापन एवं बैंक खातों के सत्यापन उपरांत पात्र आवेदकों को राज्य शासन द्वारा निर्धारित प्रतिमाह राशि 2500 रूपये आवेदक के बैंक खाते में अंतरित किया जायेगा। आवेदक बेरोजगारी भत्ता हेतु किसी भी जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय बलरामपुर अथवा सर्व जनपद पंचायत/नगर पंचायत से संपर्क कर सकते हैं। बेरोजगारी भत्ता के लिए अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी तथा 01 अप्रैल 2023 की स्थिति में आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए साथ ही आवेदक 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण तथा रोजगार कार्यालय में पंजीयन 02 वर्ष पुराना होना चाहिए। आवेदक की आय का कोई स्त्रोत न हो तथा आय प्रमाण पत्र आवेदन तिथि से 01 साल के भीतर बना होना चाहिए।

कोरिया फ्रंटलाइन

# छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे कार्य की हुई समीक्षा

## कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धितों पर होगी कार्रवाई

■ राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का पात्र हितग्राहियों को मिले लाभ-कलेक्टर, साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न,शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं और कार्यक्रमों पर प्रगति की हुई समीक्षा






छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आहूत की गई। कलेक्टर लंगेह ने जिले में छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के सर्वे कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य नियमित रूप से चलता रहे, सभी अधिकारी सर्वेक्षण में पीछे ग्राम पंचायतों का चयन कर कार्य मे प्रगति लाएं। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य में गम्भीरता लाएं, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। जिला स्तरीय अधिकारी फील्ड में जाकर स्वयं सर्वेक्षण की मॉनिटरिंग करें। सर्वेक्षण में कार्य ना करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी, उनकी सूची जल्द उपलब्ध कराएं। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता के लिए पंजीकृत हितग्राहियों तथा उनके दस्तावेजों के भौतिक सत्यापन के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का विस्तार कर अब नगरीय क्षेत्रों में भी शुरू किया गया है। इस हेतु सभी सीएमओ हितग्राहियों का पंजीयन कराकर उन्हें लाभ दिलाएं। इस दौरान उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं और कार्यक्रमों पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए गोबर खरीदी की जानकारी ली। उन्होने कहा कि सभी विभाग वर्मी कम्पोस्ट उठाव में तेजी लाएं तथा भुगतान सुनिश्चित करें। सभी जनपद सीईओ गौठान समिति की बैठक लेकर जानकारी अपडेट करें। उन्होंने कहा कि गोमूत्र से जैविक कीटनाशक निर्माण में समूह की महिलाओं के साथ निर्माण में रुचि रखने वाले किसानों का चयन करें तथा खरीदी हेतु भी किसानों को प्रोत्साहित करें। इस दौरान कलेक्टर ने जिले में अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य में प्रगति की समीक्षा की तथा जल्द से जल्द कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को गोबर पेंट का उठाव कराकर उपयोग में लाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों में गोबर पेंट का उपयोग सुनिश्चित करें। कलेक्टर लंगेह ने बैठक में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना के तहत गतिविधियों के संचालन की समीक्षा की।

# मुख्यमंत्री मजरा-टोला ग्रामीण विद्युतीकरण योजना से रोशन होंगे 13 गाँव



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़ (एमसीबी)।** सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो की पहल पर विधानसभा क्षेत्र के 13 गांव बिजली से रोशन होंगे। मुख्यमंत्री मजरा-टोला ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत गांवों में बिजली पहुंचेगी। योजना के तहत शासन द्वारा 13 गांवों में विद्युतीकरण हेतु 4 करोड़ 95 लाख 52 हजार रूपए की मंजूरी प्रदान की गई है। लंबे समय से बिजली की बाट जोह रहे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के जिन 13 गांवों में विद्युतीकरण हेतु राशि स्वीकृत की गई है । विधायक ने कहा कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधा के लिए सरकार ने बड़ी राशि मंजूर की है। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का समानांतर विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार से जब भी बुनियादी सुविधाओं के लिए राशि की मांग की गई है सरकार ने कभी निराश नहीं किया है, बल्कि विकास कार्यों के लिए उम्मीद से ज्यादा राशि मंजूर की गई है। बिजली से जहां लोगों की दिनचर्या में बदलाव आएगा वहीं विकास का मार्ग भी प्रशस्त होगा। विधायक ने क्षेत्रवासियों की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# हड़ताली पंचायत सचिवों ने बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**छ.ग.फ्रंटलाइन, मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ के तहसील कार्यालय के बगल में विगत 16 मार्च से अपनी 1 सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने मंगलवार को धरना स्थल से कलेक्ट्रेट तक बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए एमसीबी जिला पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष धनेश्वर राय ने बताया कि विगत 16 मार्च 2023 से अपनी1 सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर पूरे प्रदेश सहित एमसीबी जिले के सभी पंचायतों के पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा कोई सुध नहीं लिया जा रहा है । कांग्रेस सरकार के द्वारा पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने की घोषणा की गई थी लेकिन आज तक पंचायत सचिवों को शासकीय कर्मचारी घोषित नहीं किया गया है जबकि कई बार इस संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है। पंचायत सचिवों को उम्मीद थी कि वर्तमान बजट में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का प्रावधान रखा जाएगा लेकिन पंचायत सचिवों को वर्तमान बजट से भी निराशा हाथ लगी है जिसके कारण मजबूर होकर पंचायत सचिवों ने अपनी1 सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हुए हैं। हड़ताली पंचायत सचिवों ने मंगलवार को 1 सूत्रीय मांग शासकीय करण को लेकर धरना स्थल तहसील कार्यालय के पास से कलेक्टर कार्यालय तक बाइक रैली निकालकर अपनी आवाज बुलंद की और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष धनेश्वर राय, ब्लॉक अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा, सचिव संतलाल, रामसुभग सहित काफी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित रहे। पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने के कारण पंचायतों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं और विकास के कार्य ठप पड़ गए हैं। लेकिन शासन इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया ऑरेंज कलर डे




छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में ऑरेंज कलर डे मनाया गया। इस दिन सभी छात्र - छात्राएं ऑरेंज कलर के ड्रेस पहन कर आए साथ ही विद्यालय में सभी साज सज्जा ऑरेंज कलर से किया गया। उक्त कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि यलो और रेड कलर को मिलाकर ऑरेंज कलर बनाया जाता है। बच्चों को बताया गया कि ऑरेंज कलर उत्साह और तंदुरुस्ती का प्रतीक है। हमारे देश के तिरंगे में भी बीच में ऑरेंज कलर होता है। ऑरेंज कलर डे को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिवार द्वारा नन्हे-मुन्ने छात्र छात्राओं के लिए संतरे, रसना ऑरेंज क्रीम बिस्किट और ऑरेंज कैंडी की व्यवस्था की गई। सभी बच्चों ने इन सभी चीजों का लुफ्त उठाया एवं खूब मस्ती की। विद्यालय की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने बच्चों को बताया कि संतरे में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी ,विटामिन ए एवं मिनरल और फाइबर पाए जाते हैं। जो कि हमारे शरीर के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। संतरे खाने से हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। संस्था के डायरेक्टर श्रीमती ज्योति ताम्रकार ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां करवाने से बच्चों में अलग-अलग तरह की जागरूकता आती है एवम रंगों की पहचान होती है। तथा उनका वर्ड पावर बढ़ता है। संतरे में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में होता है। संस्था के डायरेक्टर श्रीमती तोशी अग्रवाल ने ऑरेंज कलर से संबंधित आर्ट एंड क्राफ्ट वर्क शॉप का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने सनफ्लावर, ऑरेंज एवम आइसक्रीम बनाना सिखाया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय की शिक्षिका साधना सिंह ने बच्चों को बताया कि संतरा खाने से हमारी आंखों की रोशनी बढ़ती है। एवं हड्डियां मजबूत होती हैं तथा संतरा बच्चों का पसंदीदा फल होता है। यह फल गर्मी के मौसम में आता है। इस समय ऑरेंज कलर डे मनाने का सबसे मुख्य उद्देश्य यह था कि वर्तमान में देश में चल रहे आईपीएल टूर्नामेंट में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बचपन प्ले स्कूल के साथ ऑफिशियल स्कूल एजुकेशन पार्टनर के रूप में जुड़ा है। जैसा कि सबको पता है कि सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का कलर भी ऑरेंज ही है। यह पूरे बचपन परिवार के लिए गर्व की बात है की हमें सनराइजर्स हैदराबाद के साथ एजुकेशन पार्टनर के रूप में जुड़ने का मौका मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं रिद्धिमा जायसवाल, वैष्णवी जैस्वाल जूही अरोड़ा, अंजलि साहू, नेहा मिश्रा अंजना मौर्य, प्रियंका सिंह, पुष्पा सिंह, पिंकी सिंह, रेखा दोहरे, प्रिया एवं राकेश पटवा का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने अपने अभिभावकों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित किए गए ऑरेंज कलर डे कार्यक्रम में अपने नन्हे-मुन्ने बच्चों को ऑरेंज कलर ड्रेस में सजाकर विद्यालय भेजा।

# कलेक्टर एसपी ने जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कोरिया।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह तथा पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक आहूत की। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने सूचना तंत्र मजबूत कर किसी प्रकार की अप्रिय घटना के सम्बन्ध में सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में ऐसे स्थानों का चिन्हांकित करें जहां इस प्रकार की घटना होने की आशंका है तथा असामाजिक तत्वों की सूची तैयार करें। किसी भी प्रकार के अफ़वाहों का त्वरित खण्डन कर फैलने से रोकें ताकि लोगों तक सही सूचना पहुंचे। बैठक में पुलिस अधीक्षक बंसल ने जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन की समय-समय पर संयुक्त बैठक आयोजित कर अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतर्क रहने कहा। इसके साथ ही उन्होंने नियमित रूप से रात्रिकालीन गश्त किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित कुमार, एसडीएम बैकुण्ठपुर श्रीमती अंकिता सोम, एसडीएम सोनहत अमित सिन्हा सहित जिला तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# पट्टा प्रदाय करने का कार्य शुरू नहीं होने पर कांग्रेसी पार्षदों ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

■ राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत कांग्रेसी पार्षदों ने की झुग्गी झोपड़ी का पट्टा दिलाए जाने की मांग



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को झुग्गी झोपड़ी का पट्टा दिलाए जाने की मांग को लेकर कांग्रेसी पार्षदों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है साथ ही कांग्रेसी पार्षदों ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन के अंदर झुग्गी झोपड़ी वासियों को पट्टा प्रदाय करने का कार्य शुरू नहीं किया गया तो उनके द्वारा तहसील कार्यालय के बगल में आमरण अनशन किया जाएगा। कांग्रेसी पार्षद अजय जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत झुग्गी झोपड़ी में रह रहे पात्र हितग्राहियों को पट्टा दिलाए जाने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय व कलेक्टर कार्यालय में लगभग 6 वार आवेदन प्रस्तुत किया जा चुका है ।लेकिन इसके बावजूद भी झुग्गी झोपड़ी के पात्र हितग्राहियों को पट्टा प्रदाय आज तक नहीं किया गया है ।कांग्रेसी पार्षद अजय जायसवाल ने बताया कि झुग्गी झोपड़ी वासी कई सालों से निवास कर रहे हैं आज उनके पास उनकी झुग्गी झोपड़ी का मालिकाना हक ना होने के कारण वे शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं जबकि शासन हर गरीब के सिर के ऊपर पक्की छत हो इसके लिए पीएम आवास योजना चला रखी है लेकिन झुग्गी झोपड़ी वासियों के पास पट्टा नहीं होने के कारण उन्हें पीएम आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है । जबकि शासन द्वारा झुग्गी झोपड़ी वासियों के जमीन का सर्वे वगैरह सब किया जा चुका है हितग्राहियों के द्वारा चालान भी पटाया जा चुका है इसके बाद भी उन्हें उनकी जमीन का मालिकाना हक पट्टा नहीं मिल पा रहा है । पार्षद अजय जायसवाल ने बताया कि एसडीएम कार्यालय में एक बार फिर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले पात्र हितग्राहियों को पट्टा दिलाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है । अगर प्रशासन के द्वारा 15 दिन के अंदर पट्टा दिलाने की कार्यवाही शुरू नहीं की गई तो वे अपने साथी पार्षदों के साथ तहसील कार्यालय के बगल में आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे ।एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के दौरान वार्ड क्रमांक 19 के पार्षद अजय जायसवाल, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद मोहम्मद सईद, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद मोहम्मद पप्पू हुसैन एवं वार्ड क्रमांक 4 के भाजपा पार्षद पति मोहम्मद जमील शामिल रहे।


# ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग को लेकर नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर



छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में एमसीबी जिले के सभी नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में जिले के नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी शामिल हो रहे हैं जिसके कारण नगरीय निकाय के कार्यालयों में कार्य प्रभावित हो रहा है। नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर अपनी तीन सूत्रीय मांग को लेकर प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है साथ ही उनके द्वारा उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं होने पर आगे उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे प्लेसमेंट कर्मचारियों का कहना है कि सभी नगरीय निकायों से प्लेसमेंट या ठेका प्रथा को खत्म करना चाहिए। इसके साथ ही प्लेसमेंट कर्मचारियों का नगरीय निकायों में समायोजन किया जाए। इसके अलावा कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान किया जाए। नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित किया जाए। उन्हें 62 वर्ष तक नौकरी दी जाए। नगरीय निकायों में कार्यरत किसी भी प्लेसमेंट कर्मी को सेवा से अलग न किया जाए। कर्मचारियों ने सरकार से मांगें पूरी करने की मांग की है। नगरीय निकाय के सभी विभागों के प्लेसमेंट कर्मचारी तीन दिवसीय 10, 11 एवं 12 अप्रैल 2023 तक हड़ताल पर हैं।

# जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन श्री जे. के. चौधरी सेवानिवृत्त



**छ.ग.फ्रंटलाइन, जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन भा. नौ. जे. के. चौधरी के सेवानिवृत्त होने पर जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित किया गया। उन्होंने उनके सुखमय जीवन और दीर्घायु की कामना करते हुए कहा कि आप ने अपने कार्यकाल के दौरान भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए बेहतरीन कार्य किया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सभी अधिकारियों का धन्यवाद देते हुए कहा कि जशपुर में उनका कार्यकाल बहुत अच्छा रहा जशपुर की यादें हमेशा उनके साथ रहेंगी।

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा किया गया सत्याग्रह

**मनेंद्रगढ़ (एमसीबी)।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा जिला एमसीबी मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में 10 अप्रैल 23 को राहुल गांधी की संसद से सदस्यता खत्म किए जाने के विरोध में एवं मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ सत्याग्रह किया गया। कांग्रेसियों का कहना था कि मोदी सरकार के द्वारा असंवैधानिक रुप से लोकतंत्र की हत्या करते हुये रजनीतिक द्वेष से आनन फानन मे राहुल गांधी की सांसद सदस्यता समाप्त कर दिया गया। जिनके पूर्वज देश को धन तो धन प्राणों की आहूति दिये। उनके साथ इस तरह का ओछा कार्य किया उसके विरोध मे संगठन के निर्देशानुसार हम कांग्रेसी महात्मा गांधी को मानने वाले उनके बताये राह पे चलते हुये सत्याग्रह की राह अपनाते हुये आज उक्त कार्य का विरोध किये एवं राष्ट्रपति के नाम उपस्थित सदस्यों ने 100 पोस्टकार्ड पोस्ट किया। जिसमे आग्रह किया गया कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल किया जाये। सत्याग्रह में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, नगरपालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, संगठन के राष्ट्रीय सचिव गुलखान, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश सिंह, गणेश रजवाड़े, उपाध्यक्ष लक्ष्मी सिंह, संगठन मंत्री रविशंकर रजवाड़े, ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह, श्रीमती आनन्दी सोनपाकर व काफी संख्या मे संगठन व कांग्रेस के पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित रहे।

# 50 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बस्ती में पहुंचेंगे अधिकारी-कलेक्टर



छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सप्ताहित समय सीमा की बैठक लेकर टीएल के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा किए। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि जिले के 50 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बस्ती का चिन्हांकन किया गया हैजहां नोडल अधिकारी जा करके उनकी समस्याओं की जानकारी लेंगे और उनका जाति प्रमाण पत्र औरपेंशन राशन सहित अन्य उनकी समस्याओं का समाधान करते जाएगें।कलेक्टर ने कहा कि कोई भीअधिकारी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेगे।उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों को योजना का लाभ पहुंचाना शासन की पहली प्राथमिकता है। समीक्षा के दौरान उन्होंने क्रेडा विभाग के अधिकारी कड़ी हिदायत देते हुए पहाड़ी कोरवा बस्ती में जा करके और सोलर संबंधी समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए है। इसके लिए उन्होंने रोस्टर तैयार करने के लिए कहा है। और कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। और कृषि अधिकारी को किसानों का प्राथमिकता से केसीसी बनाने के कहा है।इस अवसर पर कलेक्टर एसडीएम जनपद सीईओ सभी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा